

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -199 जबलपुर, रविवार 31 अगस्त 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


समृद्धि का प्रवेश द्वार है पर्यटन-म.प्र. की पर्यटन नीति भा रही है निवेशकों को- पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने 7 निवेशकों को जारी किये एलओए- 60 करोड़ से अधिक का होगा निवेश और रोजगार सृजन

# ग्वालियर पर्यटन कॉन्क्लेव में मिले साढ़े तीन हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पर्यटन किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती में बड़ी अहम भूमिका निभाता है। पर्यटन से राष्ट्रीय आय तो बढ़ती ही है, साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होते हैं। पर्यटन और तीर्थाटन, ये हमारे देश और विशेषकर मध्यप्रदेश की समृद्धि के प्रमुख प्रवेश द्वार हैं। मध्यप्रदेश, देश का दिल है। प्रदेश की वैश्विक पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए ही पर्यटन विकास को विशेष महत्व दिया जा रहा है। राज्य सरकार समावेशी प्रयासों के जरिए समाज के सभी वर्गों को जोड़कर पर्यटन क्षेत्र के विस्तार और संवर्धन के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर पर्यटन कॉन्क्लेव में साढ़े तीन हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 6 निवेशकों को लैटर ऑफ अलॉटमेंट प्रदाय किये गये, इससे 60 करोड़ से अधिक का निवेश और बड़ी संख्या में रोजगार सृजन होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ग्वालियर के राजमाता विजया राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कान्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरें विश्व स्तर पर आकर्षण का केंद्र हैं। इनके संरक्षण और प्रचार-प्रसार से प्रदेश न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि 'आत्मनिर्भर, विकसित और समृद्ध भारत' के लक्ष्य को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आज राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस मनाया जा रहा है। इस शुभ अवसर पर ग्वालियर में पहली बार रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव हो रहा है। ग्वालियर देश की राजधानी के करीब का क्षेत्र है। यहां राजा मानसिंह तोमर के काल में बना ऐतिहासिक किला दुनिया में पहचान रखता है। इसकी स्थापत्य कला अद्भुत है। बड़े-बड़े सत्ताधीशों को बुरे समय में इसी किले में बंदी बनाकर रखा गया। इस कठिन दौर में ग्वालियर में एक आध्यात्मिक आत्मा का प्रकटीकरण हुआ। मुरैना के मितावली के चौंसठ योगिनी मंदिर के डिजाइन के आधार पर वर्ष 1912 में दिल्ली में संसद भवन का निर्माण हुआ। यह दुनिया भर में लोकतंत्र का सबसे आकर्षक भवन है। अब नए संसद भवन को विदिशा के मंदिर के डिजाइन पर बनाकर तैयार किया गया है। इसमें बना डोम सांची स्तूप की कॉपी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो पहली बार चीता देखते हैं, वो आश्चर्यचकित हो जाते हैं। चीता गांवों में घूमते नजर आते हैं। प्रदेश में मनुष्य और वन्य प्राणियों के बीच सह अस्तित्व और साहचर्य भाव नजर आता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर संगीत सम्राट तानसेन और बैजू बावरा की विरासत है। राजा मानसिंह तोमर संगीत विश्वविद्यालय, ग्वालियर के भवन निर्माण के लिए 50 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई है। जीवाजी विश्वविद्यालय में पीएम उषा योजना के तहत विकास कार्यों के लिए भी बड़ी धनराशि दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीवा के बाद अब पर्यटन विकास के लिए ग्वालियर अंचल को भी कई सौगातें मिल रही हैं। ग्वालियर के राजा मानसिंह किले में विभिन्न विकास कार्यों के लिए इंडिगो कंपनी द्वारा अपने कॉर्पोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी फंड (सीएसआर कोष) से 100 करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी पूरी दुनिया को देश की विरासतों और पर्यटन केंद्रों के बारे में बता रहे हैं। वे %मेक इन इंडिया%, %मेड इन इंडिया%, %वोकल फॉर लोकल% और %स्वदेशी अपनाओ% अभियान के जरिए देश के नागरिकों को स्वदेशी से स्वाबलंवन की ओर प्रवृत्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर की रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में उद्योगपति श्री सचिन गुप्ता ने 1000 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव दिया है। इसके अलावा अन्य निवेशकों एवं उद्योग समूहों की ओर से कुल 3500 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव राज्य सरकार को इस कान्क्लेव के माध्यम से मिले हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि यह कॉन्क्लेव 11 से 13 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली %मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट% की तैयारियों का हिस्सा है। टूरिज्म सैक्टर के लिए यह महत्वपूर्ण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि रविवार (31 अगस्त) को मुरैना जिले को अनेक सौगातें मिलेंगी। मुरैना के पीपरसेरा औद्योगिक प्रक्षेत्र में करीब 500 करोड़ रुपए की लागत से हाइड्रोजन कारखाने का शिलान्यास किया जा रहा है।

कॉन्क्लेव में होटल एवं रिसोर्ट के लिए प्राप्त हुए निवेश प्रस्?ताव

कॉन्क्लेव में प्रमुख निवेशकों ने ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग में निवेश की इच्छा जताकर पर्यटन के विकास की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया। यह ऐतिहासिक पल दोनों संभागों के लिए आर्थिक समृद्धि और रोजगार के नए द्वार खोलेगा।

राहुल-अखिलेश की मौजूदगी में तेजस्वी ने खुद को बताया असली, नीतीश पर कसा तंज

# महागठबंधन का सीएम चेहरा घोषित!



बिहार-(आरएनएस)। राजद नेता तेजस्वी यादव ने एकतरफा अंदाज में खुद को बिहार में महागठबंधन का मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर दिया। राहुल गांधी के अलावा, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव भी तेजस्वी की घोषणा के समय मंच पर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही ऐतिहासिक यात्रा रही है, इसे लाखों लोगों का समर्थन मिला। बिहार की जनता जागरूक है और बिहारी अपने वोट की रक्षा करेंगे। आज अखिलेश यादव भी इस यात्रा में शामिल हुए। उनकी उपस्थिति ने हमें ताकत दी है। देश का बच्चा-बच्चा कह रहा है, वोट चोर, गद्दी छोड़ो और यह संदेश पूरे देश में फैल गया है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि बीजेपी वाले डरे हुए हैं, इसलिए तेजस्वी के विजन को लागू करना चाहते हैं, लेकिन अभी बहुत कुछ बाकी है, जिसका खुलासा हम नोटिफिकेशन आने के बाद करेंगे कि हम बिहार में क्या-क्या लागू करेंगे। बिहार में हर कोई कह रहा है कि हमें असली सीएम चाहिए, डुप्लीकेट सीएम नहीं। उन्होंने कहा कि हमने माता जानकी का आशीर्वाद लिया और हम सभी चाहते हैं कि बिहार का विकास हो...धान की रोटी तवा में, विरोधी उड़ गये हवा में%।

राजद नेता ने कहा कि बिहार की जनता जागरूक है और बिहार लोकतंत्र की जननी है और मोदी जी चुनाव आयोग के साथ मिलकर यहाँ लोकतंत्र को ख़त्म करने की कोशिश कर रहे हैं, जो कभी नहीं होगा। सभी बिहारवासी अपने वोट की रक्षा करेंगे और भाजपा को करारा जवाब देंगे। आरा में एक रैली को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला और उन्हें नकलची मुख्यमंत्री करार दिया।

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि नीतीश सिर्फ़ उनकी नीतियों की नकल कर रहे हैं और घोषणाएँ कर रहे हैं। राजद नेता ने भीड़ की ज़ोरदार जय-जयकार के बीच कहा, तेजस्वी आगे बढ़ रहे हैं।

सरकार उनके पीछे चल रही है। इसके बाद तेजस्वी ने जनता से पूछा कि उन्हें असली मुख्यमंत्री चाहिए या डुप्लीकेट मुख्यमंत्री। उन्होंने राहुल गांधी की मौजूदगी में खुद को गठबंधन का असली मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित कर दिया।

मंडला में बड़ा हादसा

# जबलपुर जा रही यात्री बस पलटी, 20 यात्री घायल, ड्राइवर-कंडक्टर फरार



मंडला।(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के मंडला जिले के निवास थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। टिकारिया थाना क्षेत्र के घुघरी गांव से जबलपुर जा रही यात्री बस सिंगपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के समय बस में 40 यात्री सवार थे, जिनमें स्कूली बच्चे भी शामिल थे। इस दुर्घटना में करीब 20 यात्री घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बस के कांच तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से घायलों को निवास अस्पताल पहुंचाया गया। सभी का इलाज जारी है। सूचना मिलते ही निवास थाना प्रभारी वर्षा पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं।

हादसे के बाद बस ड्राइवर और कंडक्टर मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने बताया कि बस की मैकेनिकल जांच के बाद ही दुर्घटना का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। वहीं, फरार चालक और परिचालक की तलाश की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

# 7 साल बाद चीन पहुंचे पीएम मोदी, हुआ रेड कारपेट पर ग्रैंड वेलकम



नई दिल्ली-(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात वर्षों के बाद पहली बार शनिवार को चीन पहुंचे, जहां वह महत्वपूर्ण एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी जापान की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद चीन के तियानजिन पहुंचे, जहां उन्होंने परिवहन, अंतरिक्ष अन्वेषण और व्यापार के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा दिया। प्रधानमंत्री एक सितंबर तक चीन में रहेंगे और उनकी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ महत्वपूर्ण बैठक होगी। दोनों नेताओं के भारत-चीन आर्थिक संबंधों का जायजा लेने तथा संबंधों को और सामान्य बनाने के लिए कदमों पर विचार-विमर्श करने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे, जो बुधवार से लागू हुए भारत पर 50त्न अमेरिकी टैरिफ को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच विशेष महत्व रखता है।

## जम्मू-कश्मीर के रियासी के महौर में भूस्खलन, घर ढहने से एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत

जम्मू. रियासी जिले के माहौर तहसील के बद्दर गांव में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक घर गिर गया, जिसमें एक परिवार के सात लोगों की मौत हो गई. मौके पर राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है. अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना सुबह-सुबह उस समय घटी जब भूस्खलन के कारण ढलान पर स्थित मकान मलबे में दब गया. घटना के समय घर में परिवार के कई सदस्य मौजूद थे. पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन के कर्मियों सहित बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और अब सभी शव बरामद कर लिए गए हैं. जिला प्रशासन ने पहाड़ी और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों से सतर्क रहने और भारी बारिश के दौरान संवेदनशील ढांचों में रहने से बचने की अपील की है. जम्मू-कश्मीर के माहौर तहसील के एक छोटे से गांव कराड़ा में बीती रात बादल फटने की दुखद घटना हुई. इस हादसे में नजीर अहमद, उनकी पत्नी वजीरा बेगम और उनके पांच बच्चों की मौत हो गई.

## जाम में फंसे मंत्री गोविंद राजपूत, बिजली समस्या पर अधिकारियों को दी चेतावनी, बोले- निलंबन के लिए तैयार रहें



शाजापुर (आरएनएस)। शिवाजी कॉलोनी में लगा विद्युत ट्रांसफॉर्मर जल जाने से कई दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा समय पर ट्रांसफॉर्मर नहीं बदले जाने से नाराज कॉलोनीवासियों का सब्र शनिवार शाम टूट गया। शाम करीब छह बजे कालोनीवासी सड़क पर उतर आए और बस स्टैंड क्षेत्र में रास्ता जाम कर दिया। इससे दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। गोविंद सिंह राजपूत का काफिला पहुंचा

इस बीच खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का काफिला वहां पहुंचा और जाम में फंस गया। यह देखकर मंत्री वाहन से उतरे और आक्रोशित लोगों के बीच पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने उन्हें बताया कि क्षेत्र में बार-बार बिजली कटौती हो रही है। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का हल नहीं निकला।

मंत्री ने दिया समाधान का आश्वासन

लंबे समय तक बिजली गुल रहने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है, बुजुर्ग और छोटे बच्चे गर्मी में परेशान होते हैं, वहीं पानी की सप्लाई भी बाधित हो जाती है। मंत्री राजपूत ने बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से फोन पर चर्चा की। निर्देश दिए कि समस्या का तुरंत स्थायी समाधान किया जाए।

मंत्री ने अधिकारियों को दी चेतावनी

मंत्री ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में लापरवाही बरती गई, तो संबंधित अधिकारी निलंबन झेलने के लिए तैयार रहें। मंत्री के आश्वासन और त्वरित कार्रवाई की गारंटी के बाद लोगों ने रास्ता जाम समाप्त कर दिया,

अमित शाह को लेकर ये क्या बोल गईं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा

## सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए



नई दिल्ली-(आरएनएस)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करके एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया। भारतीय क्षेत्र में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की घुसपैठ के बारे में पत्रकारों से बात करते हुए, कृष्णानगर लोकसभा सांसद ने कहा कि अमित शाह का सिर काट दिया जाना चाहिए और उनके कटे हुए सिर को प्रदर्शन के लिए मेज पर रख दिया जाना चाहिए। मोइत्रा ने कहा कि अगर भारत की सीमाओं की रक्षा नहीं की जा सकती, अगर घुसपैठिए सैकड़ों की संख्या में घुस रहे हैं, हमारी महिलाओं का अपमान कर रहे हैं, हमारी ज़मीनों पर कब्ज़ा कर रहे हैं,

## कार सवार बदमाशों ने पत्रकार को घेरकर पीटा, बोले - बहुत बड़ा पत्रकार बनता है रे तू......



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) देर रात बदमाशों ने एक पत्रकार को पेट्रोल पंप के पास रोककर बुरी तरह पीट दिया। घायल पत्रकार सुनील सेन (36) को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि हमलावर बिना नंबर की नीली स्विफ्ट कार में सवार होकर आए थे और पहले से रैकी कर रहे थे।

पुलिस को दिए प्राथमिक बयान में पत्रकार सुनील सेन ने बताया कि वे कवरेज के सिलसिले में मेडिकल अस्पताल गए थे। रात करीब 1ऱ20 बजे जब वे बाइक से घर लौट रहे थे और पिसनहारी की मडिया स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी अचानक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने उनकी बाइक को कट मारते हुए रोका। कार से चार युवक उतरे और गाली-गलौज करते हुए कहने लगे - बहुत बड़ा पत्रकार बनता है रे तू, कई बार फोन कर चुके हैं कि बैठकर बात कर ले, लेकिन तू समझता नहीं है। सुनील के विरोध करने पर सभी बदमाश एकराय होकर उन पर टूट पड़े और जमकर मारपीट की। हमले में पत्रकार के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। इसी दौरान उनकी चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग और राहगीर जुटे। भीड़ को देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मेडिकल की ओर भाग निकले। गढ़ा थाना प्रभारी बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल पत्रकार को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि पीड़ित पत्रकार का किसी डॉक्टर से विवाद हुआ था। पत्रकार का आरोप है कि डॉक्टर अमित खरे ने ही अपने खास गुर्गों से हमला कराया। हमलावरों के पास देशी कट्टा भी था। गढ़ा पुलिस ने कहा कि शिकायत दर्ज कर ली गई है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए जा रहे हैं।

### शाह के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान पर रिजिजू का वार

नई दिल्ली- केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को उन सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की आलोचना की जिन्होंने 2011 के सलवा जुडूम फैसले को लेकर विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के खिलाफ केंद्रीय मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर आपत्ति जताई थी। बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए, रिजिजू ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों पर गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाने का आरोप लगाया।

## रतलाम में फिर तकरार... भगवा के पास लगाया हरा झंडा, विवाद के बाद तनाव, पुलिस बल तैनात



रतलाम (आरएनएस)। माणकचौक थाना अंतर्गत कलईगर रोड पर शनिवार दोपहर करीब एक बजे डिवाइडर पर लगे बिजली के खंभे पर धार्मिक झंडे लगाने को लेकर हिंदू और मुस्लिम पक्षों में विवाद की स्थिति बन गई। मालीकुंआ में गणेश प्रतिमा स्थापना स्थल के पास समिति ने गणेश चतुर्थी से पूर्व खंभों पर भगवा झंडे व बैनर लगाए थे। शुक्रवार रात को मुस्लिम पक्ष ने मस्जिद के पास से ईद मिलादुन्नबी को लेकर अपनी ओर से झंडे व बैनर लगाने शुरू किए, जो दूसरे पक्ष के झंडे के ऊपर लगा दिए गए। इसे लेकर शनिवार दोपहर दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए और विवाद की स्थिति बन गई गई। विवाद के दौरान पुलिस की मौजूदगी में एक व्यक्ति ने खंभे पर भगवा झंडे के ऊपर हरा झंडा लगा दिया, जिससे माहौल और गरमा गया। जिससे दोनों पक्ष नारेबाजी करते हुए आमने-सामने हो गए। सूचना के बाद मौके पर सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, माणक चौक थाना प्रभारी अनुराग यादव, आरआइ मोहन भर्रावत और अन्य अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

नगर-डगर

जबलपुर दिन रविवार 31 अगस्त 2025

दैनिक क्षितिज किरण 2



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना विजयनगर में रात्रि प्रकाश नारायण दुबे उम्र 64 वर्ष निवासी एकतानगर विजयनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एम पी ई बी से रिटायर्ड है घर पर बच्चो ने कास्मेटिक की दुकान संचालित करते हैं कभी कभी वह भी दुकान पर बैठता है दुकान पर बैठा था तभी 2 अज्ञात लडके सामान लेने आये तथा सामान लेकर चले गये पुनः 26.07.25 को वही लडके फ़िरसे आये और सामान लेकर चले गये। दिनांक 27.07.25 को पुनः वही दोनो लडके आये एवं बताये की हमारी मां की तबियत खराब है हमे पैसों की जरूरत है

**राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर सक्सेना ने दिए आवश्यक निर्देश**

# तालाबों का सीमांकन करे और मुनारा लगाएं . कलेक्टर सक्सेना





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज कलेक्टर सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंहए सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोतए एडीएम श्री नाथूराम गोड सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने राजस्व संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकॉर्डो की स्कैनिंग शुरू हो जाए।

फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा पर उन्होंने इस दिशा में कम प्रगति लाने वाले छह पटवारियों के वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश भी दिए। बैठक में विशेष रूप से तहसील वार नामांतरणए बटवाराए सीमांकन व वसूली की स्थिति समीक्षा की गई। सीमांकन की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिले में जितने भी तालाब हैंए उनके सीमांकन के लिए दल बनाएं और सीमांकन कर मुनारा या स्थाई चिन्ह बनाएं। यदि कोई मुनारा को हटाता है तो उनके विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई किया जाए। कलेक्टर श्री सक्सेना ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि वे राजस्व न्यायालय परिसर का सतत निरीक्षण करेंए एजेंटों और दलालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। बैठक में इसके अलावा धारणाधिकारए प्रधानमंत्री मंत्री किसान सम्मान निधिए अवैध कालोनियों के रिपोर्टए सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण आदि पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

# रोटरी क्लब संस्कारधानी द्वारा खेलकूद स्पर्धा का आयोजन




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब संस्कारधानी जबलपुर द्वारा स्पर्धा के तहत विविध खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें बैडमिंटन, बास्केटबॉल, टेबिल टेनिस, कैरम, शतरंज, रस्सा खिंचाई आदि अनेक प्रतियोगिताएं स्मॉल वंडर स्कूल बल्देव बाग तथा सरस्वती शिशु मंदिर नरसिंह मंदिर के पास शास्त्री ब्रिज इसमे विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिए गए. शाला के सभी बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ खेलकूद में हिस्सा लिया तथा शाला प्रबंधन ने रोटरी द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर रोटरी क्लब जबलपुर संस्कारधानी अध्यक्ष अरुण गुप्ता सचिव अभिषेक अग्रवाल कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल विवेक चौधरी अरुण खर्द शाला के प्राचार्य विलियम डायस जी अनिल रजक तथा खेल शिक्षक नूर साहब और सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य श्रीमती विनीता यादव जी

# मूलभूत समस्याओं की पार्षद ने आवाज उठाई



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम की बैठक में डॉक्टर जाकिर हुसैन वार्ड की पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने मूलभूत सुविधाएं दिये जाने हेतु आवाज उठाई कि, पार्षद हाजी मुंशी हमीदुल्लाह के नाम से चार खंबा चौराहे का नामकरण होना चाहिए।

चार खंबा से मोमिनपुरा तलैया मार्ग का नामकरण नेता स्वर्गीय शब्बीर अंसारी के नाम से हो। गोहलपुर थाना चौक का नामकरण मोमिन समाज के धरोहर मोमिन ईदगाह के नाम पर होना चाहिए। वही गोहलपुर स्कूल को भी सांदीपनी स्कूल घोषित किया जाए एवं विभागों के बीच में आपसी तनातनी से बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा है खिलवाड़ को रोका जाए। गोहलपुर पानी की टंकी का नवनिर्माण तत्काल किया जाए। बोहरा बाग चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल की जो समस्या है उस पर भी त्वरित कार्रवाई की जाए। वार्ड में संजीवनी क्लीनिक की स्थापना की विशेष मांग की।

## रचना चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष बनी



जबलपुर। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं राजमाता सिंधिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिलीप यादव की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष लोकेश पवार ने रचना चौधरी को श्रीमंत सिंधिया फाउंडेशन का प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति किया है। नियुक्ति पर केशव पांडे, सावित्री भदौरिया, पद्मा दीक्षित, नाज़िया इलाही खान, नेहा सिंधिया आदि ने शुभकामनायें दी।

# ईद मिलाद उन नबी की तैयारियां जोरों पर

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पैगंबर ए इस्लाम हजरत मोहम्मद (सल्ल.) के योमें विलादत ईद मिलाद उन नबी (5 सितंबर) के लिए संस्कारधानी में तैयारियां जोरों पर हैं। मुस्लिम समुदाय में इस दिन को बेहद उत्साह और अकीदत के साथ मनाया जाता है। शहर में इस मौके पर खास सजावट, जुलूस और धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

शहर के मुस्लिम बहुल इलाकों नालबंद मोहल्ला, चार खंबा, गोहलपुर, मंडी मदार टेकरी, नया मोहल्ला , बहोराबाग, के साथ-साथ छावनी क्षेत्र सदर एवं उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा में भी बस्तियों में एवं घरों और मस्जिदों को रंग-बिरंगी रोशनी और झंडों से सजाया जा रहा है।

नया मोहल्ला हुसैन चौक में ईद मिलाद उन नबी के मौके पर चार दिवसीय श्रृखंलाबद आयोजन का एहतेमाम किया गया है! कमेटी के अध्यक्ष खालिद मुबीन के अनुसार 2 सितंबर मंगलवार को रात्रि 9 बजे से महफिले नआत एवं इस्लामी क्विज से प्रोग्राम का आगाज होगा! आयोजन में मुख्य अतिथि बाबा मेराज अहमद जमाली होंगे। जिसमें ख्याति प्राप्त नाअत ख्वां मो. आजम बरेलवी नातिया कलाम पेश करेंगे। आयोजन की अध्यक्षता निजाम मंसूरी करेंगे! अतिथि हाजी मो. सलीम चाचा, हाजी मो. इसरार सा., हाकिम खान एडवोकेट, एड. इरफान आदि होंगे। 3 सितम्बर बुधवार को रात्रि 9 बजे से जलसए खिताबत होगा। मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना डॉ, मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी की सरपरस्ती में आयोजित जलसे में मौलाना फारूख खान रज़वी नागपुर एवं मुफ्ती नईम अख्तर कादरी और मौलाना तारिक रज़वी नूरानी तकरीर पेश करेंगे। 4 सितम्बर जुमेरात को रात्री रात्रि 9 बजे हाजी मो. सलीम खान की सदारत में ऑल इंडिया नातिया मुशायरा होगा। मुशायरे के अतिथिगण जनाब हाजी गुलाम मुहम्मद (भूरे पहलवान), हाजी कदीर सोनी, पप्पू वसीम खान, मुतवल्ली सैयद कादिर अली कादरी, हाजी रमजान मार्बल, मजहर उस्मानी, निजामुद्दीन कुरैशी होंगे। जिसमें वरिष्ठ शायर नईम अख्तर खादमी बुरहानपुर, अंजुम बाराबंकवी, जाहिद हरयानवी, गुलरेज़ देवासी, सलीम रज़ा अतिरिक्त स्थानीय शायर अपना कलाम पेश करेंगे । 5 सितम्बर को दोपहर 2 बजे पर नया मोहल्ला हुसैन चौक से मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हजरत मौलाना डॉ. मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी की कयादत में जुलुसे मुहम्मदी निकलकर विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर अंजुमन स्कूल के मैदान में समाप्त होगा।

## लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जी का आगमन आज

जबलपुर। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जी का आज शनिवार 30 अगस्त को रात 10 बजे भोपाल से जबलपुर सड़क मार्ग से आगमन होगा। मंत्री श्री सिंह कल रविवार को स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

# सड़क हटाने के आदेश यथा स्थिति का आदेश

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर के मां काली डेवलपर में एसडीएम पनागर के आदेश के चुनौती दी जिसमें एसडीएम के द्वारा ग्राम औरैया में कृषि कार्य हेतु बनाई गई मोरम डालकर रोड को हटाने का आदेश दिया याचिका करता के अनुसार उन्होंने कॉलोनी बनाने के उद्देश्य से जमीन की खरीदी की किंतु कॉलोनी बनाने हेतु आवश्यक अनुमति टीएनसीपी भोपाल के पास पेंडिंग है इसी बीच में याचिका करता का ने लगभग 10 हेक्टर की जमीन पर खेती करने का निश्चय किया एवं खेती में आवा गमन के उद्देश्य से मोरम की रोड डाली साथ के साथ नगर निगम से आवश्यक अनुमति लेकर नाले के ऊपर स्वयं के खर्चे पुल बनाया किंतु एक स्थानीय नागरिक ने दुर्भावना पूर्वक प्रेरित होकर एसडीएम पनागर के समक्ष आक्रमण हटाने के संबंध में शिकायत की जिस पर याचिका करता को नोटिस जारी किया गया एवं याचिका करता ने जवाब भी प्रस्तुत किया किंतु जवाब प्रस्तुत करने के बाद एसडीएम द्वारा आदेश न पारित करते हुए दुर्भावना पूर्वक तहसीलदार पनागर को आदेश किया कि याचिका करता के द्वारा बनाई गई आवा गमन के लिए रोड को तुरंत हटाया जाए जिस पर तहसीलदार ने तीन दिवस में रोड हटाने का आदेश पारित किया जिससे व्यथित होकर याचिका करता ने कमिश्नर के समक्ष अपील की किंतु कमिश्नर ने यह कहते हुए की समय नहीं है अपील की सुनवाई नहीं की तब व्यथित होकर याचिका करता ने माननीय उच्च न्यायालय में याचिका की सुनवाई करते हुए माननीय न्यायाधिपति विशाल मिश्रा ने पाया कि एसडीएम का आदेश विधि संगत नहीं है कोई भी कार्यवाही करने से पहले संबंधित तहसीलदार या पटवारी से प्रतिवेदन मंगवाना चाहिए था एवं अनावेदक को नोटिस जारी करते हुए रोड हटाने पर यथा स्थिति के आदेश पारित किया कि याचिका करता की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा वह कौशलेंद्र सिंह ने पैरवी की

## 221 शिक्षक 5 सितंबर को सम्मानित होंगे

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रसंग संस्था के तत्वाधान में एवं शब्दरथ, साहित्य संसार, काव्य कलश, सजल इकाई के सहयोग से नगर में पहली बार 221 शिक्षकों को सर्वपल्ली राधाकृष्णन सम्मान से अलंकृत किया जा रहा है

समारोह के अतिथि शिक्षाविद डॉ स्मृति शुक्ला,डॉ आज्ञा मिश्रा, डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ विनीता पांडेय, डॉ आर एस चंदेल, के के नायकर होंगे। यह समारोह नचिकेता महाविद्यालय विजयनगर में दोपहर 3:00 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें गीत संगीत, हास्य एवं बुंदेली कवि सम्मेलन होगा। संयोजन श्रीमती विनीता पैगवार द्वारा किया गया है।

## डॉ पूर्णिमा पूनम स्मृति समारोह 4 सितंबर को

जबलपुर। प्रसंग संस्था के तत्वावधान में एवं शब्दरथ, साहित्य संसार, काव्य कलश,सजल इकाई के सहयोग से लोकप्रिय अंतरराष्ट्रीय कवयित्री डॉक्टर पूर्णिमा निगम पूनम का स्मृति दिवस समारोह 4 सितंबर को साहित्य परिसर, कचनार सिटी में होगा??। इस वर्ष पूनम अलंकरण देश की प्रतिष्ठित कवयित्री श्रीमती माधुरी किरण बालाघाट को प्रदान किया जायेगा समारोह के मुख्य अतिथि एड. उमेश पांडे अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे सारस्वत अतिथि इरफान झांस्वी विशिष्ट अतिथि मथुरा जैन उत्साही एवं केके नायकर होंगे संस्था ने सभी साहित्य अनुरागियों से उपस्थिति की अपील की है।

**छात्रसंघ चुनाव पर जनहित याचिका पर सुनवाई**

# विश्वविद्यालयों ने चुनाव की जिम्मेदारी सरकार पर डाली, सरकार को 2 हफ्ते में जवाब दाखिल करने का आदेश

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। उच्च न्यायालय में गुरुवार को छात्रसंघ चुनाव को लेकर जनहित याचिका पर महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। यह सुनवाई माननीय मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा एवं माननीय न्यायमूर्ति विनय सराफ की खंडपीठ के समक्ष हुई।

याचिकाकर्ता अदनान अंसारी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश उपाध्याय, अधिवक्ता अक्षर दीप एवं रविंद्रनाथ चतुर्वेदी ने पैरवी की।

सुनवाई के दौरान विश्वविद्यालयों की ओर से अधिवक्ताओं ने अदालत को बताया कि छात्रसंघ चुनाव कराने का कार्यक्रम और निर्देश पूरी तरह राज्य सरकार से आते हैं तथा विश्वविद्यालय अपने स्तर पर कोई निर्णय नहीं ले सकते। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पिछले सात-आठ वर्षों से चुनाव नहीं हुए हैं और न ही छात्रसंघ का कोई ढांचा वर्तमान में मौजूद है। राज्य सरकार की ओर से उपस्थित शासकीय अधिवक्ता डॉ. एस.एस. चौहान ने जवाब दाख़िल करने के लिए समय माँगा। खंडपीठ ने राज्य सरकार को दो सप्ताह का में जवाब दाख़िल करने का समय दिया और मामले को 06 अक्टूबर 2025 से शुरू होने वाले सप्ताह में पुनः सुनवाई हेतु सूचीबद्ध किया।

एनएसयूआई के प्रदेश सचिव एवं याचिकाकर्ता अदनान अंसारी ने कहा कि आज की सुनवाई में यह स्पष्ट हो गया कि चुनाव न कराने की जिम्मेदारी पूरी तरह राज्य सरकार की है। सरकार अपने अकादमिक कैलेंडर और आदेशों में बार-बार लिखती रही है कि सितंबर तक चुनाव होने चाहिए, लेकिन 2017 से अब तक एक भी चुनाव नहीं हुआ। छात्रों से शुल्क लिया जाता है, मगर उन्हें प्रतिनिधित्व और अधिकार नहीं दिया जाता। यह छात्रों के साथ अन्याय है और लोकतंत्र का भी अपमान है।

# एमपी ट्रांसको इंदौर के अजीत कुमार नापित जबलपुर में सम्मानित




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी( एमपी ट्रांसको )के 400 केवी सबस्टेशन इंदौर में पदस्थ अजीत कुमार नापित ने 40 वर्ष पुराने डीजल चालित एरियल वर्क प्लेटफार्म को अपने तकनीकी कौशल और इच्छा शक्ति के सहारे स्क्रैप मोटर का उपयोग कर हाइड्रोलिक सिस्टम में परिवर्तित कर पुनः चालू कर दिया। इस नवाचार से सबस्टेशन में मेंटेनेंस कार्य तेज और सुलभ हो गया साथ ही कंपनी को महत्वपूर्ण आर्थिक बचत भी हुई। उनके इस सराहनीय कार्य हेतु जबलपुर मुख्यालय में आयोजित समारोह में प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र, सिल्वर मेडल एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित किया।

# त्यौहार के अवसर पर रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति के मध्य पूजा स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल ने दुर्गा, दिवाली एवं छठ पूजा त्यौहारों के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति के मध्य द्वि-साप्ताहिक 11-11 ट्रिप पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के रानी कमलापति से प्रस्थान कर नर्मदापुरम , इटारसी, पीपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन की पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों की विस्तृत जानकारी निम्न है।

पूजा स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति से दानापुर स्पेशल ट्रेन 27 सितंबर से 1 नवंबर 2025 तक द्वि-साप्ताहिक शनिवार एवं मंगलवार को एक्सप्रेस ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन से



दोपहर 14:25 बजे प्रस्थान कर, नर्मदापुरम 15:25 बजे , इटारसी 15:55 बजे, पीपरिया 17:10 बजे, गाडरवारा 17:45 बजे, नरसिंहपुर 18:25 बजे, जबलपुर रात 19:25 बजे, सिहोरा रोड 20:10 बजे, कटनी 21:20 बजे, मैहर 22:10 बजे, सतना 22:45 बजे पहुँचकर और अगले दिन रविवार एवं बुधवार को सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01668 दानापुर से रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 28 सितंबर से 2 नवंबर 2025 तक द्वि-साप्ताहिक रविवार एवं बुधवार को एक्सप्रेस ट्रेन दानापुर स्टेशन से सुबह 11:00 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी रात 20:30 बजे, पहुंचकर अगले दिन सतना मध्य रात्रि 00:55 बजे, मैहर 01:28 बजे, कटनी 02:30 बजे, सिहोरा रोड 03:13 बजे, जबलपुर 03:50 बजे, नरसिंहपुर 05:00 बजे , गाडरवारा 05:30 बजे, पिपरिया 06:00 बजे, इटारसी 0710 बजे, नर्मदापुरम 07:48 बजे पहुंचकर और सोमवार एवं गुरुवार को सुबह में 08:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुँचेगी।

कोच कम्पोजीशन :- इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 13 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

रेलगाड़ी के हाल्ट :- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में नर्मदापुरम, इटारसी, पीपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी। यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए पूजा स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, एनटीइएस या रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन रेलवे वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।



भोपाल (आरएनएस)। कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने कहा है कि दीक्षारंभ केवल शिक्षा का औपचारिक आरंभ नहीं है, बल्कि यह वह क्षण है जब विद्यार्थी अपने ज्ञान और कौशल के माध्यम से समाज व राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने की दिशा में कदम बढ़ाते हैं। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना या रोजगार नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण, जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण का माध्यम होना चाहिए। राज्यमंत्री टेटवाल ने मैनिट परिसर में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) 2025 बैच के दीक्षारंभ समारोह में विद्यार्थियों को

## हमारा स्वाभिमान है स्वदेशी उत्पाद हमारी संस्कृति ही हमें जोड़ती है स्वदेशी भाव से

# स्वदेशी उत्पादों का उपयोग है सच्ची राष्ट्रसेवा -मुख्यमंत्री डॉ.यादव



भोपाल- (आरएनएस) मुख्यमंत्री एवं जनअभियान परिषद के अध्यक्ष डॉण् मोहन यादव ने कहा है कि स्वदेशी वस्तुएं केवल उत्पाद ही नहींए बल्कि हमारी राष्ट्रीय अस्मिताए धरोहर और हमारे मान.सम्मान का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया ष्वोकल फॉर लोकलष् अभियान भारतीयता की इसी भावना को आगे बढ़ाने का माध्यम है। हमारे देशी उत्पाद न केवल विदेशी उत्पादों से अधिक मजबूतए किफायती और गुणवत्तायुक्त हैंए बल्कि इन्हें खरीदने पर हमें अधिकतम लाभ भी मिला है। मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने प्रदेशवासियों से आत्मीय आह्वान किया कि हर भारतीय नागरिक को न केवल स्वयं स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना चाहिएए बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। यही देश प्रेम हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। स्वदेशी भावना ही सच्ची राष्ट्रसेवा का सहज मार्ग है। मुख्यमंत्री डॉण् यादव शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में जनअभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में श्स्वदेशी से स्वावलंबनश् विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉण् यादव व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि कर इस एक दिवसीय संगोष्ठी का विधिवत् शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने जनअभियान परिषद द्वारा स्वदेशी अभियान के लिए तैयार किए गए पोस्टर एवं ब्रोशर का भी विमोचन किया। इस ब्रोशर में स्वदेशी वस्तुओं की सूची दी गई है। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के मध्य स्वदेशी उत्पादों के प्रचार.प्रसार की जनजागृति के लिए एक समझौता ज्ञापन ;एमओयूद्ध पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री डॉण् यादव की उपस्थिति में इस एमओयू का दोनों संगठनों द्वारा परस्पर आदान.प्रदान भी किया गया। कार्यक्रम का आरंभ वंदे मातरम् गायन के साथ हुआ। आरंभ में आयोजकों द्वारा मुख्यमंत्री डॉण् यादव का तुलसी का पौधा भेंटकर स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण की दिशा में विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का अधिकाधिक उपयोग ही देश के प्रति प्रेम और सच्ची राष्ट्र सेवा है। हम सभी को अपने जीवन में देशी उत्पादों का उपयोग बढ़ाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वदेशी भाव से सदैव जुड़े रहने के संकल्प के तहत कार्यक्रम में उपस्थित सभी को स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करने की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने प्रदेशवासियों को श्राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवसश् की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लघु उद्योगों से ही हमारी अर्थव्यवस्था कायम है। भारतीय वस्तुओं और भारतीय तकनीक की विश्व में धूम मची है। वैश्विक स्तर पर हमारे देश में निर्मित वस्तुओं की मांग बढ़ी है। यह वैश्विक मांग हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान भाव को और पोषित करती है। उन्होंने कहा कि पूरा राष्ट्र स्वदेशी के प्रति वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध है। हमारी संस्कृति ही हमें स्वदेशी का भाव सिखाती है। हम देशी वस्तुओं के प्रति अपने अंर्तमन से जुड़े हुए हैं। यह भावना ही स्वदेशी उत्पादों को और बेहतर स्वरूप देने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच दोनों का लक्ष्य एक है। मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में धार्मिकए आध्यात्मिक और वन पर्यटन बढ़ाने की दिशा में ठोस काम किए हैं। श्री महाकाल लोक के निर्माण के बाद वर्ष 2024 में 7 करोड़ से अधिक श्रद्धालु उज्जैन आए। हम हर सेक्टर में आगे बढ़ रहे हैं। पर्यटन के अलावा हम एमएसएमई यानि छोटे उद्योग और खनन क्षेत्र में निहित संभावनाओं को तलाशने के लिए प्रदेश के अलग.अलग क्षेत्रों में कॉन्क्लेव कर रहे हैं। ग्वालियर में रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित की गई है। यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में रोजगारपरक उद्योग स्थापित करने वाले उद्योगपतियों और निवेशकों को किफायती दरों पर भूमिए बिजलीए पानी के साथ.साथ प्रति श्रमिक 5 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि भी दे रहे हैं। इससे प्रदेश में नए उद्योग.धंधे लगेंगेए जिसका सीधा लाभ मध्यप्रदेश के निवासियों को मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री डॉण् यादव को स्मृति चिन्ह के रूप में मिट्टी के गणेश की प्रतिमा भेंट की गई। संगोष्ठी में बैतूल विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि स्वदेशी एक बड़ा विषय है। राज्य सरकार स्वदेशी के प्रति जागरूकता और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रही है। हम सभी अपने मानस मेंए अपने आचरण में स्वदेशी भाव लाएंए तभी हमारा देश विकसित और समृद्ध बनेगा। हम अपनी संस्कृति और धरोहर को बचाए रखें और सरकार के स्वदेशी भाव से जुड़े हर कामए हर अभियान में सहयोगी बनें। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर जागृति लाएंगेए तभी तो स्वदेशी की भावना हर नागरिक तक पहुंचेगी। जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर ने कहा कि यह राज्य स्तरीय संगोष्ठी स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से आयोजित की गई है। दोनों संगठन स्वदेशी के प्रति जागृति लाने के लिए प्राण.प्रण से जुटे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 25 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक जनअभियान परिषद श्स्वदेशी जागरण सप्ताहश् मनाएगा। हम इसे जन.जन का अभियान बनाएंगे। उन्होंने बताया कि हम सरकार के हर अभियान को प्रदेश के हर नागरिक तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। विगत 30 मार्च से 30 जून तक चले श्जल गंगा संवर्धन अभियानश् में जन अभियान परिषद ने 40 लाख लोगों की सहभागिता कराई। श्एक पेड़ मां के नाम अभियानश् के तहत जन अभियान परिषद ने 17 लाख से अधिक पौधे रोपने में मदद की और करीब 1०5 लाख से अधिक महिलाओं को इस अभियान से जोड़ा। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम मिट्टी के गणेश की स्थापना के लिए लक्षित होकर काम कर रहे हैं। इस वर्ष के गणेशोत्सव में हमने प्रदेश के 10 लाख से अधिक घरों में मिट्टी के गणेश की प्रतिमा स्थापित कराई। हमारा काम जनजागृति लाना और हम इसी दिशा में सरकार के सहयोगी बनकर आगे बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के वरिष्ठ राष्ट्रीय पदाधिकारी श्री सुधीर दातेए स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक श्री कश्मीरी लालए इसी संगठन के राष्ट्रीय संयोजक श्री आरण् सुंदरमए जन अभियान परिषद के कार्यपालिक निदेशक डॉण् बकुल लाड़ सहित स्वदेशी अभियान से जुड़े सभी विद्वतजन और अभियान के अंशभागी ;स्टेक होल्डर्सद्ध उपस्थित थे।

## खिलाड़ियों को दिलाई फिट इंडिया शपथ- राष्ट्रीय खेल दिवस पर मंत्री सारंग ने मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की

# हर खिलाड़ी बनेगा फिटनेस का ब्रांड एंबेसेडर, 10-10 नागरिकों को प्रेरित करने का लें संकल्प-खेल मंत्री सारंग

भोपाल-(आरएनएस) हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हॉकी के जादूगर, 'पद्म भूषण' मेजर ध्यानचंद ने विश्व हॉकी में भारत का परचम लहराया है। उनका जीवन साहस, अनुशासन और खेल भावना का अद्वितीय उदाहरण है, जो सदैव हम सभी को प्रेरित करता रहेगा। मंत्री श्री सारंग ने खिलाड़ियों को फिट इंडिया की शपथ भी दिलाई।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में खेलों का अभूतपूर्व विकास हुआ है। फिट इंडिया मूवमेंट और खेलो इंडिया जैसे अभियानों ने हर आयु वर्ग में खेल और फिटनेस के प्रति नई जागरूकता पैदा की है। खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। आज भारत एशियाई खेलों, कॉमनवेल्थ और ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं में ऐतिहासिक सफलताएँ हासिल कर रहा है और गाँव-गाँव तक खेल संस्कृति को नई पहचान मिल रही है।

**नंबर 1 पर पहुंचना हमारा लक्ष्य**

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि पहले के समय में खेल को ज्यादा महत्व नहीं दिया जाता था। प्रदेश में अत्याधुनिक अधोसंरचना, विभिन्न खेलों की अकादमी, प्रशिक्षित प्रशिक्षक और अन्तरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं के कारण आज मध्यप्रदेश शीर्ष 3 राज्यों में शामिल हो चुका है। अब हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश को देश का नंबर 1 खेल राज्य बनाया जाए। इसके लिये बेहतर व्यवस्थाओं के साथ ही स्कूल-कॉलेज स्तर से प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने की ठोस योजना पर कार्य हो रहा है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत और सरकार के संकल्प से मध्यप्रदेश जल्द ही भारत का अग्रणी खेल राज्य बनेगा।

**हर खिलाड़ी 10 लोगों को खेल व फिटनेस के लिये प्रेरित करें**

मंत्री श्री सारंग ने खिलाड़ियों से आहवान किया कि वे सिर्फ मैदान तक सीमित न रहें, बल्कि समाज में खेल और फिटनेस के ब्रांड एंबेसडर बनें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी अगले तीन माह में अपने आसपास के कम से कम 10 लोगों को खेल और फिटनेस की ओर प्रेरित करे। ये लोग परिवारजन, पड़ोसी, मित्र या छात्र भी हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि खिलाड़ी नागरिकों को खेल और फिटनेस से जोड़ेंगे, तो यह एक जनआंदोलन का रूप लेगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी न केवल पदक जीतकर बल्कि समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाकर भी देश की सेवा करते हैं। जब हर घर से कोई न कोई खेलों से जुड़ेगा, तभी भारत 'फिट इंडिया' और 'हिट इंडिया' बन पाएगा।

**'एक घंटा खेल मैदान में' के तहत रस्साकशी में लिया भाग**

'एक घंटा खेल मैदान में' थीम के तहत मंत्री श्री सारंग ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के साथ रस्साकशी में भी भाग लिया। इस अवसर पर म.प्र. वॉटर स्पोर्ट्स व हॉकी टीम के खिलाड़ियों के बीच भी रस्साकशी का मैत्री मैच हुआ, जिसमें 2-1 से म.प्र. वॉटर स्पोर्ट्स की टीम विजेता रही।

# कलेक्टर से अभद्रता मामले में भाजपा विधायक पर पार्टी सख्त, भोपाल बुलाकर दी चेतावनी

भोपाल (आरएनएस)।भिंड कलेक?टर से अभद्रता व हाथापाई की कोशिश मामले के सामने आने के बाद भाजपा विधायक नरेंद्र कुशवाह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। संगठन ने उन्हें भोपाल बुलाकर कड़े शब्दों में चेतावनी दी है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। अब पार्टी ने अपनी साख बचाने के लिए अपने बेलगाम विधायक को समझाइश देकर डेमेज कंट्रोल की शुरुआत की है। इस क्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह और संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने नरेंद्र कुशवाह से चर्चा की। हितानंद शर्मा के आवास पर हुई बैठक में प्रदेश नेतृत्व ने विधायक के व्यवहार को गंभीर माना है। विधायक को कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि आपका व्यवहार पार्टी लाइन के विपरीत है, इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में इस तरह का आचरण स्वीकार्य नहीं होगा। भिंड से भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव को थप्पड़ मारने के लिए हाथ उठाया। इस दौरान उन्होंने गाली-गलौज की। कलेक्टर ने कहा कि रेत चोरी नहीं चलने दूंगा, इस पर विधायक ने उन्हें ही चोर कहा। समर्थक भी भिंड कलेक्टर चोर है की नारेबाजी करते रहे।

दरअसल, विधायक कुशवाह जिले में खाद संकट को लेकर कलेक्टर के बंगले के बाहर धरने पर बैठे थे। वे कलेक्टर से बाहर आकर बात करने की मांग कर रहे थे, लेकिन कलेक्टर ने उनकी बात नहीं सुनी। इस पर कुशवाह भड़क गए। उन्होंने धमकाते हुए कहा कि आज पब्लिक को तुम्हारे घर में घुसेड़ दूंगा।

**एशियन डेव्हलपमेंट बैंक के प्रतिनिधि मण्डल ने आयुक्त भोंडवे से की भेंट**

भोपाल -नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग आयुक्त और मध्यप्रदेश अर्बन डेव्हलपमेंट कम्पनी के प्रबंध संचालक श्री संकेत भोंडवे से शुक्रवार को भोपाल के शिवाजी नगर स्थित पालिका भवन में एशियन डेव्हलपमेंट बैंक (एडीबी) के प्रतिनिधि मण्डल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व एडीबी के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी श्री

# महिलाओं को शराबी बताने पर जीतू पटवारी का पुतला फूंका

सीहोर (आरएनएस) देश और प्रदेश में भाजपा सरकारों के द्वारा तेजी से विकास कार्य किए जा रहे है। इसके अलावा देश के प्रधानीमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य किए जा रहे है। वहीं दूसरी और महिलाओं के सबसे बड़े पर्व हरतालिका तीज के मौके पर कांग्रेस के द्वारा महिलाओं का अपमान किया जा रहा है। इसको लेकर गुरुवार को भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिलाओं को शराबी बताने के विरोध में पुतला दहन किया। कोतवाली चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया। हरतालिका तीज के पावन अवसर पर पटवारी का महिलाओं को शराब से जोड़ना अपमानजनक है। भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने पटवारी के बयान को शर्मनाक बताया। जब तक पटवारी माफी नहीं मांगते, प्रदेश की महिलाएं उन्हें माफनहीं करेंगी। विरोध प्रदर्शन में भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और महिला मोर्चा की कार्यकर्ता शामिल हुए। नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, वरिष्ठ नेता कमलेश कटारे,गोपाल सोनी, ,समीर नानू सेन, बंटी भाई, अरविंद जाट,दीपक बड़ोदिया एवं सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# संस्कार युक्त शिक्षा से ही प्राप्त की जा सकती हैं उंचाईयाँ -उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि संस्कार युक्त शिक्षा से ही उंचाईयाँ प्राप्त की जा सकती हैं। सर्वोच्च पद पर पहुंचकर भी आमजनों के कल्याण व देश के विकास के लिये प्रयत्नशील रहें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के रीवा परिसर में नवागत विद्यार्थियों के प्रबोधन कार्यक्रम अभ्युदय के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। यहां के विद्यार्थियों ने देश-विदेश में पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट स्थान बनाया है। रीवा परिसर के विद्यार्थी भी लगन व मेहनत से शिक्षित होकर अपने संस्थान का नाम रोशन करें। यह संस्थान उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में इसकी और प्रतिष्ठा होगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम के साथ ही आदर्श पुस्तकों का अध्ययन करें और देश को विश्वगुरू बनाने में सहभागी बनें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि लक्ष्य को प्राप्त करने में जागरूकता व शिक्षा आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विन्ध्य में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, वर्तमान में देश की सेना के दो सर्वोच्च पदों पर विन्ध्य के ही लाल विराजमान हैं। उप मुख्यमंत्री ने परिसर में स्थापित विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन भी किया। उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण किया। संवाद-सत्र में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल एवं कुलगुरू तथा वरिष्ठ पत्रकारों ने विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया।

कुलगुरु श्री विजय मनोहर तिवारी ने बताया कि पत्रकारिता के साथ कंप्यूटर शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को आने वाले समय में आईटी क्षेत्र में ख्यातिलब्ध विद्वानों का मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने नवागत विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा अपेक्षा की कि वे अपने परिजनों की आशाओं पर खरे उतरेंगे और देश-विदेश में स्वयं व संस्थान का नाम रौशन करेंगे। वरिष्ठ पत्रकार श्री कृष्ण मोहन मिश्रा, श्री प्रकाश हिंदुस्तानी, श्री संजय पाण्डेय, श्री आशुतोष तिवारी, श्री जयराम शुक्ला ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन केंद्र प्रभारी डॉ. सत्येंद्र डेहरिया द्वारा किया गया।

# बिना किसी तथ्य और आंकड़ों के बयान देना निंदनीय है -निर्मला भूरिया

भोपाल (आरएनएस)। महिलाओं के पावन व्रत पर्व हरतालिका तीज पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने महिलाओं पर बयान देकर अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है। प्रदेश अध्यक्ष श्री पटवारी द्वारा प्रदेश में सबसे ज्यादा शराब मध्यप्रदेश की महिलाएं पीती है जैसा बयान देना बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि जीतू पटवारी द्वारा दिये गए बयान कि मैं निंदा करती हूँ। आज के दिन महिलाएं निर्जला उपवास करती है और ऐसे समय में ऐसा बयान देना निश्चित ही प्रदेश सहित पूरे भारत की महिलाओं का अपमान करना है।



बिना किसी तथ्य और आंकड़ों के बयान देना बेहद निंदनीय है। मैं भी महिला हूँ और महिला-बाल विकास विभाग की मंत्री भी हूँ और इसलिये मैं चाहूंगी कि कॉंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी प्रदेश और देश की महिलाओं से माफी मांगे।

# शिक्षक पुरस्कार समारोह में श्रेष्ठ कार्य करने पर सम्मानित होंगे शिक्षक

## स्कूल शिक्षा विभाग ने की घोषणा- शिक्षक दिवस पर होंगे सम्मानित

भोपाल-(आरएनएस) प्रदेश में 5 सितम्बर शिक्षक दिवस पर भोपाल में होने वाले राज्य स्तरीय शिक्षक समारोह में 14 शिक्षकों को उनके द्वारा श्रेष्ठ कार्य करने पर सम्मानित किया जायेगा। पुरस्कृत शिक्षकों को 25 हजार रुपये की सम्मान निधि, शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। सम्मानित शिक्षकों में प्राथमिक, माध्यमिक श्रेणी के 8 और उच्चतर माध्यमिक श्रेणी के 6 शिक्षक शामिल हैं। गत वर्ष 2024 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को भी सम्मानित किया जायेगा।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिये चयनित शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा है कि आज जिन शिक्षकों का चयन उनके श्रेष्ठ कार्यों की वजह से हुआ है, वे अन्य शिक्षकों के लिये प्रेरणा का काम करेंगे। जिन प्राथमिक शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा, उनमें शासकीय प्राथमिक शाला बिसोनिया, गुना के श्री जितेन्द्र शर्मा, शासकीय उ.मा.वि. क्रमांक-2, शाजापुर के श्री दिलीप जायसवाल, ई.पी.ई.एस., भाटीवाड़ा, सिवनी के श्री दिलीप कटरे, शासकीय प्राथमिक विद्यालय, बसिया, दमोह के श्री श्रीकांत कुर्मी, शासकीय उ.मा.वि., रुस्तमपुर, खण्डवा की माध्यमिक शिक्षक श्रीमती श्रद्धा गुप्ता, शासकीय माध्यमिक विद्यालय, सतौआ, दमोह के श्री मोहन सिंह गौंड, शासकीय माध्यमिक शाला, चंदेसरा, उज्जैन के श्री अपूर्व शर्मा और शासकीय माध्यमिक शाला, उबालाद, अलीराजपुर के उच्च श्रेणी शिक्षक श्री धनराज वाणी शामिल हैं। ये चयनित शिक्षक कक्षा-1 से 8 की कक्षाओं में विद्यार्थियों को पढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिये कक्षा-9 से 12 में पढ़ाने वाले चयनित शिक्षकों में माध्यमिक शिक्षक शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि., बाग, जिला धार की श्रीमती राधा शर्मा, शासकीय उ.मा.वि., मेडिकल कॉलेज, जबलपुर के डॉ. नरेन्द्र कुमार उरमलिया, शासकीय उ.मा. संभागीय ज्ञानोदय विद्यालय, तिलीवार्ड, सागर के श्री महेन्द्र कुमार लोधी, शासकीय उ.मा.वि., जावरा, रतलाम की उच्च माध्यमिक शिक्षक श्रीमती विनीता ओझा और माध्यमिक शिक्षक शासकीय हाई स्कूल, पांदा, जिला राजगढ़ डॉ. सरिता शर्मा को सम्मानित किया जायेगा। वर्ष 2024 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों को राज्य स्तरीय समारोह में शॉल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह और 5 हजार रुपये सम्मान निधि भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। इनमें शासकीय माध्यमिक शाला लिधौरा, ब्लॉक बटियागढ़, दमोह के श्री माधव प्रसाद पटेल और शासकीय हाई स्कूल, मंदसौर की शिक्षक श्रीमती सुनीता गोधा शामिल हैं।


## एनएलआईयू में विकसित भारत के पुस्तकालयों की पुनर्कल्पना विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन ज्ञानोत्सव 2025

# भारतीय दृष्टिकोण से समृद्ध साहित्य से पुस्तकालयों को समृद्ध करने की आवश्यकता- मंत्री परमार

भोपाल (आरएनएस) उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा है कि भारतीय ज्ञान परम्परा में पुस्तकालय सदैव ही समृद्ध रहे हैं। नालंदा विश्वविद्यालय में विश्व का सबसे विशाल पुस्तकालय था और तब भारत विश्व गुरु की संज्ञा से सुशोभित था। विश्व भर के लोग हमारे यहां शिक्षा ग्रहण करने आते थे। भारत का ज्ञान सार्वभौमिक था। हमारी संस्कृति में ज्ञान का दस्तावेजीकरण नहीं था। हमारे पूर्वजों ने शोध एवं अध्ययन कर ज्ञान को परंपरा के रूप में समाजव्यापी बनाया। अतीत के विभिन्न कालखंडों में योजनाबद् तरीके से हमारे ज्ञान को दूषित करने का कुत्सित प्रयास किया गया। भारतीय समाज में विद्यमान परंपरागत ज्ञान को पुन: शोध एवं अनुसंधान के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण के सापेक्ष युगानुकुल परिप्रेक्ष्य में दस्तावेजीकरण से समृद्ध करने की आवश्यकता है। पुस्तकालय मानवता, नवाचार और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण के मूल आधार हैं। भारतीय दृष्टिकोण से समृद्ध साहित्य से समस्त पुस्तकालयों को समृद्ध करने की आवश्यकता है। यह बात मंत्री श्री परमार ने शुक्रवार को भोपाल स्थित राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय (एनएलआईयू) में संस्थान के केंद्रीय पुस्तकालय ज्ञान मंदिर के तत्वावधान में विकसित भारत के पुस्तकालयों की पुनर्कल्पना विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन ज्ञानोत्सव-2025 में कही।



मंत्री श्री परमार ने कहा कि भारत में हर क्षेत्र हर विषय में व्यापक ज्ञान था और भारत हर क्षेत्र में विश्वमंच पर अग्रणी एवं समृद्ध था। भारत की धरोहर इस परंपरागत ज्ञान को भारत के सापेक्ष भारतीय दृष्टि से संजोने एवं सहेजने की आवश्यकता है। पुस्तकालयों को भारतीय दृष्टि से समृद्ध साहित्य से समृद्ध बनाना होगा, समृद्ध पुस्तकालयों से विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र का बौद्धिक सृजन होगा। मंत्री श्री परमार ने कहा कि भारत की गृहणियों की रसोई में कोई तराजू नहीं होता है, गृहणियों को भोजन निर्माण के लिए किसी संस्थान में अध्ययन करने की आवश्यकता नहीं होती है। भारतीय गृहणियों में रसोई प्रबंधन का उत्कृष्ट कौशल, नैसर्गिक एवं पारम्परिक रूप से विद्यमान है। भारत की रसोई विश्वमंच पर प्रबंधन का उत्कृष्ट आदर्श एवं श्रेष्ठ उदाहरण है। भारतीय समाज में ऐसे असंख्य संदर्भ, परम्परा के रूप में प्रचलन में हैं, उनमें वर्तमान परिदृश्य अनुरूप शोध एवं अनुसंधान के साथ समृद्ध करने की आवश्यकता है। मंत्री श्री परमार ने भारतीय ज्ञान परम्परा के आलोक में अभियांत्रिकी, तकनीकी, चिकित्सा सहित हर क्षेत्र, हर विषय में सदियों से विद्यमान वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित भारतीय परम्परागत ज्ञान के अनेकों उदाहरण प्रस्तुत किए। मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने भारतीय ज्ञान परम्परा पर पुनर्चिंतन का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है। श्री परमार ने भारतीय पुरातन न्याय प्रणाली के संदर्भ में कहा कि हमारा समाज उन कालखंडों में स्वयं अनुशासित रहने वाला समाज था। उस समय किसी के घर में ताले नहीं लगाए जाते थे, समाज स्वयं नैतिक मूल्यों की अवधारणा को आत्मसात करता था। मंत्री श्री परमार ने न्यायिक प्रणाली के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा की आवश्यकता एवं महत्ता पर भी बल दिया।



हिंदू धर्म में मां गायत्री को वेदों की जननी, ज्ञान और पवित्रता की देवी माना जाता है। मां गायत्री को वेदों की माता, देवमाता और विश्वमाता के रूप में भी जाना जाता है। मां गायत्री को पांच मुख वाली देवी के रूप में दर्शाया गया है। उनके यह पांच मुख पंचतत्वों का प्रतीक है। मां गायत्री की पूजा करने से व्यक्ति को समृद्धि, ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति होती है। बता दें कि यदि कोई जातक की कोई मनोकामना है, तो उसको पूरा करने के लिए रोजाना गायत्री चालीसा का पाठ करना चाहिए।



## भारत रूस और चीन से बढ़ा रहा संबंध

चूंकि भारत का घरेलू उपभोक्ता बाजार कमजोर है और अन्य देशों में तुरंत बाजार हासिल करना आसान नहीं है, तो कंपनियां उन देशों में जाने पर विचार कर रही हैं, जिन पर लगा टैरिफ भारत से कम है।

डॉनल्ड ट्रंप के प्रमुख टैरिफ संबंधी सलाहकार पीटर नवारो ने भारत के खिलाफ जो सख्त बातें कहीं हैं, उनका संकेत है कि निकट भविष्य में अमेरिका से भारत के रिश्ते बेहतर होने की गुंजाइश नहीं है। यानी ट्रंप प्रशासन के टैरिफ की मार भारत को लंबे समय तक झेलनी पड़ सकती है। नवारो ने कहा कि भारत अगर चाहता है कि अमेरिका उससे रणनीतिक सहभागी जैसा व्यवहार करे, तो उसे अपना व्यवहार सुधारना होगा। उसे रूस से तेल खरीदने का अवसरवाद छोड़ना होगा। नवारो ने नाराजगी जताई कि ऐसा करने के बजाय अब भारत रूस और चीन से अपने संबंध और बढ़ा रहा है। मतलब साफ है। अमेरिका की सख्ती जारी रहने वाली है।

यही वजह है कि कारोबार जगत में इंडिया+1 का जुमला चल निकला है। इसके पहले चीन+1 की बात चर्चित हुई थी, जब अमेरिकी सरकार ने चीन के खिलाफ व्यापार कार्रवाई शुरू की। तब अमेरिकी कंपनियों ने चीन से किसी अन्य देश में अपने कारखाने ले जाने शुरू किए। उसका कुछ लाभ भारत ने भी उठाया। मगर अब भारत निशाने पर है। तो खबरों के मुताबिक कई कंपनियां अपने कारखाने भारत से बांग्लादेश, कंबोडिया या वियतनाम ले जाने की तैयारी में हैं। गौरतलब है कि भारत में कारखाना उत्पादन का मुख्य लक्ष्य अमेरिकी बाजार रहे हैं।

## पुतिन को युद्ध लड़ने के लिए धन नहीं दे रहा भारत, मोदी ने तो दुनिया को संकट में फँसने से बचाया

सच्चाई यही है कि भारत ने रूस को आर्थिक सहारा नहीं दिया, बल्कि दुनिया को महँगाई और ऊर्जा संकट से बचाया। भारत का योगदान वैश्विक स्थिरता का प्रतीक है, और उस पर लगाए जा रहे आरोप अमेरिका के दोहरे मानदंड से ज़्यादा कुछ नहीं। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर बार-बार अमेरिकी अधिकारी और मंत्री भारत पर उंगली उठाते हैं। टैरिफ लगाने के फैसले को सही ठहराने के लिए यह कहा जाता है कि भारत ने रूस को आर्थिक सहारा दिया है। लेकिन ज़रा तथ्यों पर नज़र डालें तो साफ़ हो जाता है कि भारत इस युद्ध के लिए ज़िम्मेदार नहीं है, बल्कि उसने वैश्विक स्थिरता बनाए रखने में निर्णायक योगदान दिया है। अमेरिका को समझना होगा कि शांति का रास्ता बलि का बकरा बनाने से नहीं निकलेगा। भारत लगातार कूटनीति और बातचीत का समर्थन करता रहा है। जबकि यूरोप अब भी रूसी गैस ले रहा है और अमेरिका रूसी यूरेनियम आयात करता है। ऐसे में भारत को दोषी ठहराना केवल राजनीति है, तथ्य नहीं।

सच्चाई यही है कि भारत ने रूस को आर्थिक सहारा नहीं दिया, बल्कि दुनिया को महँगाई और ऊर्जा संकट से बचाया। भारत का योगदान वैश्विक स्थिरता का प्रतीक है, और उस पर लगाए जा रहे आरोप अमेरिका के दोहरे मानदंड से ज़्यादा कुछ नहीं। आइये कुछ प्रश्नों और उनके उत्तर के माध्यम से सारी स्थिति को समझने का प्रयास करते हैं।

प्रश्न 1. क्या भारत ने पुतिन को वित्तीय सहारा दिया है?

उत्तर- नहीं। भारत ने एक वैश्विक संकट टाल दिया। रूस दुनिया की लगभग 10त्र तेल आपूर्ति करता है। यदि भारत खरीदना बंद कर देता तो कच्चा तेल 200 डॉलर प्रति बैरल तक पहुँच सकता था। भारत ने तेल की आपूर्ति जारी रखकर बाज़ार को स्थिर किया और वैश्विक नागरिकों की मदद की। अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन समेत कई नेताओं ने भारत की भूमिका की सराहना की।

प्रश्न 2. क्या भारत रूसी तेल खरीदने के लिए अमेरिका डॉलर का इस्तेमाल कर रहा है?

उत्तर- ग़लत। भारतीय रिफाइनर रूसी तेल के लिए अमेरिकी डॉलर का उपयोग नहीं करते। लेन-देन तीसरे देशों के व्यापारियों के माध्यम से होता है और, श्ष्ठ जैसी मुद्राओं में निपटान किया जाता है। किसी भी समय अमेरिकी सरकार ने भारत से तेल खरीद बंद करने को नहीं कहा। भारत का व्यापार पूरी तरह वैध है और त्र7 व श्व की प्राइस-कैप नियमावली के अनुरूप है।

प्रश्न 3. क्या भारत ब्लैक मार्केट तेल खरीद रहा है?

उत्तर- ऐसा कोई ब्लैक मार्केट नहीं है। रूसी तेल पर ईरानी या वेनेज़ुएलाई तेल की तरह प्रतिबंध नहीं है। यह पश्चिम द्वारा बनाए गए प्राइस-कैप सिस्टम के तहत बेचा जाता है ताकि कोई अतिरिक्त मुनाफ़ाखोरी न कर सके। यदि अमेरिका रूसी तेल पर प्रतिबंध लगाना चाहता तो उसे सीधे प्रतिबंधित कर देता। उसने ऐसा नहीं किया क्योंकि बाज़ार को रूसी तेल की आवश्यकता है।

प्रश्न 4. क्या भारत ने अचानक रूसी तेल आयात बढ़ाकर मुनाफ़ाखोरी की?

उत्तर- नहीं। जब वैश्विक स्तर पर तेल 137 डॉलर प्रति बैरल तक पहुँचा, भारत ने अपने नागरिकों के लिए ईंधन की कीमतें घटाईं। सरकारी तेल कंपनियों को 21,000 करोड़ रुपये का घाटा उठाना पड़ा और सरकार ने निर्यात पर कर लगाकर मुनाफ़ाखोरी को रोका। भारत के आयात ने वैश्विक कीमतों को बढ़ने से रोका और सभी के लिए महँगाई को नियंत्रित किया।

प्रश्न 5. क्या भारत रूसी तेल का मनी लॉन्ड्रिंग हब बन गया है?

उत्तर- नहीं। भारत दशकों से दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनिंग केंद्र है। कच्चे तेल को रिफाइन करना और ईंधन निर्यात करना वैश्विक व्यवस्था का हिस्सा है।

## तो हम फ़िलिस्तीन को कैसे याद करेंगे?

श्रुति व्यास

क्या होता है जब कोई राष्ट्र-राज्य मिट जाता है या मिटा दिया जाता हैं? सामान्य जवाब है—कुछ भी नहीं। कुछ दिनों तक जरूर शोर-शराबा, टूटे दिल और एकजुटता के हैशटैग चलेगें। फिर भूलने की बीमारी आ जाती है। गायब होना स्मृति के किसी कोने में दर्ज होता जाता है। सामान्य ज्ञान की किसी एक पुस्तक, एक खंड में सिमट कर रह जाता है। राजनीति में प्रतिक्रिया थोड़ी भारी ज़रूर होती है, लेकिन उतनी ही खोखली। बड़े-बड़े शब्दों में निंदा, और उससे भी बड़े शब्दों में पलटवार। ठंडी, रोशन कमरों में गुनगुनी चाय के बीच प्रस्ताव लिखे जाते हैं, नीतियाँ बहस में फँसी रहती हैं, बयान पढ़े जाते हैं। और फिर—सन्नाटा। जो राज्य मिटा दिया गया, वह इतिहास और इतिहास की किताबों भर मे ही जीवित रहता है। देश-राज्य सचमुच गायब होते हैं, हो चुके हैं। 1947 से पहले कितने देश, राजा-रजवाडे थे। कईयों को अंग्रेजों ने भी सिर पर बैठा रखा था। ऐसे ही पूरी दुनिया में इतिहास भरा हुआ है। पर राष्ट्र-राज्य कभी गर्जना के साथ, कभी लगभग बिन आवाज़, और कभी पूरी दुनिया की आँखों देखी मिट जात है। इतिहास हमें बताता है कि सरहदें रातों-रात खींची जा सकती हैं, हालांकि उनके परिणाम लंबे, खूनी और स्थायी भी होते हैं। और इस वक्त, एक ऐसा ही मिटाया जाने का मामला हमारी आँखों के सामने घट रहा है। आज, फ़िलिस्तीन को मिटाए जाने का ख़तरा है। इज़रायल ने एक ऐसी बस्ती योजना को मंज़ूरी दी है, जो सिर्फ़ कब्ज़े के लिए नहीं बल्कि फ़िलिस्तीनी राज्य की धारणा को ही मिटाने के लिए बनाई गई है। यह है ई1 प्रोजेक्ट, जो पश्चिमी तट (वेस्ट बैंक) को दो हिस्सों में बाँट देगा और उसे पूर्वी यरुशलम से काट देगा। पिछले हफ्ते इसकी घोषणा वित्त मंत्री बेज़ालेल स्मोट्रिच ने की, जो नेतन्याहू की सरकार के कट्टर राष्ट्रवादी धड़े से आते हैं। बुधवार को रक्षा मंत्रालय की योजना समिति ने इस पर अंतिम मुहर लगाई।

## संघ प्रमुख मोहन भागवत के शताब्दी संदेशों के सामाजिक-सांस्कृतिक मायने को समझिए

देश दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अगले एक वर्ष तक विभिन्न प्रबुद्ध कार्यक्रम व अभियान चलाने वाला है ताकि भारतीय सभ्यता-संस्कृति पर आधारित हिन्दू राष्ट्र के व्यापक दर्शन और उसमें अंतर्निहित महान सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक जनसरोकारों से जन-जन को सुपरिचित कराया जा सके। इस नजरिए से नई दिल्ली के प्रतिष्ठित विज्ञान भवन सभागार में अपने कर्मठ समाजसेवी लोगों को संबोधित करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जो कुछ भी कहा, उन शताब्दी संदेशों के सामाजिक-सांस्कृतिक मायने को समझने-समझाने की जरूरत है ताकि भव्य व मजबूत भारत का पुनरूत्थान संभव हो सके। यही बात शेष दुनिया पर भी लागू हो सकती है। इसलिए उन पर न केवल भारत सरकार बल्कि संयुक्त राष्ट्र संघ से जुड़े सभी देशों के राष्ट्राध्यक्ष को भी गौर करना चाहिए और अपनी प्रशासनिक नीतियों में उन्हें वरीयता दी जानी चाहिए।

दरअसल, संघप्रमुख मोहन भागवत ने जो कुछ कहा और भारत के समग्र हित में जो कुछ नहीं कह पाए, उसे समझने-समझाने की जरूरत है। उनके उर्वर लोक दर्शन को जन जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है, ताकि सबका भला हो सके। आप मानें या न मानें, उनकी इन बातों में दम है कि उपभोक्तावाद की वृद्धि के कारण दुनिया में पाप, दु:ख और संघर्ष बढ़ रहा है। इसलिए जनसेवा और त्याग जैसे धार्मिक संस्कारों से ही उनका सम्यक मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने ठीक ही कहा है कि वोक कल्चर पूरी दुनिया पर छा रहा संकट है, क्योंकि लोग अपने अलावा किसी दूसरे की ओर नहीं देख रहे हैं। इससे बचने के लिए लोगों को केवल धर्म का मार्ग अपनाना चाहिए।

मोहन भागवत ने %हिंदुत्व% की परिभाषा पर भी विस्तार से बात करते हुए समझाया कि, हिंदुत्व या हिंदुपन क्या है? अगर इसे संक्षेप में कहना हो तो दो शब्द हैं सत्य और प्रेम। दुनिया का संचालन एकता से होता है, सौदेबाजी और अनुबंधों से नहीं। चूंकि हिंदुस्तान का जीवन मिशन विश्व कल्याण है। उनका कहना था कि विकास की दौड़ में दुनिया ने भीतर झांकना छोड़ दिया है। अगर भीतर खोज होगी तो ऐसी अनंत खुशी मिलेगी जो कभी खत्म नहीं होगी। यही मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य है। इससे ही पूरी दुनिया में शांति और सौहार्द का माहौल बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुत्व किसी एक संप्रदाय या समुदाय की विचारधारा नहीं है, बल्कि यह वह सोच है जो सत्य और प्रेम पर आधारित होकर सबको साथ लेकर चलती है। अगर यही मार्ग अपनाया जाए तो दुनिया के संघर्ष खत्म हो जाएंगे और सच्चा सुख-शांति स्थापित होगी।

लिहाजा, सम्भव है कि भागवत के सम्पूर्ण शताब्दी उपदेश का भविष्य में कुछ सकारात्मक असर हो सकता है। पहला, भाजपा-विरोधी दलों का आरोप कमजोर हो सकता है कि हिंदू राष्ट्र सिर्फ सत्ता हथियाने का औजार है, जबकि भाजपा की प्राथमिकता राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास है। दूसरा, भाजपा को अपनी भाषा और नीतियों में 卐समावेशिता卐 दिखानी पड़ सकती है। इससे उत्तर के साथ साथ दक्षिण में भी उसका विस्तार संभव है। तीसरा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह संदेश भी जाएगा

## प्रेम, भक्ति एवं शक्ति की अनंत ज्योति हैं राधाजी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी का दिन भारतीय संस्कृति में प्रेम, भक्ति, शक्ति और समर्पण का अनोखा पर्व लेकर आता है-यह है राधाष्टमी। इसे राधा रानी का जन्मोत्सव माना जाता है। यह केवल किसी भक्ति की शिखर नारी चरित्र के जन्मोत्सव का पर्व नहीं, बल्कि उस दिव्य शक्ति की अभ्यर्थना है जिसने स्वयं श्रीकृष्ण के जीवन को एक अनूठी ऊंचाई दी। इस दिन भक्त राधा और श्रीकृष्ण की पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं और उनकी कृपा से सुख-समृद्धि व सौभाग्य की प्राप्ति की कामना करते हैं। ब्रजभूमि, खासकर बरसाना में इसे बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। राधाजी प्रेम, भक्ति और श्रीकृष्ण के भीतर छिपी शक्ति का प्रतीक हैं; वह प्रेम की पराकाष्ठा, भक्ति की देवी और श्रीकृष्ण की आंतरिक शक्ति के रूप में पूजी जाती हैं। उनका दिव्य प्रेम आध्यात्मिक प्रेम की एक मिसाल है। यदि श्रीकृष्ण लीला, माधुर्य और करुणा के अवतार हैं, तो राधा उस लीला का रस, उस माधुर्य की गहराई और उस करुणा की आत्मा हैं। इसीलिए भारतीय भक्ति परंपरा में कहा गया-राधे बिनु नहीं कृष्ण, कृष्ण बिनु नहीं राधे। राधा भारतीय संस्कृति में केवल एक स्त्री का नाम नहीं हैं, वे प्रेम की पराकाष्ठा और भक्ति की सर्वोच्च अभिव्यक्ति हैं। उनका प्रेम सांसारिक या देहाधारित नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा का मिलन है।

## क्या चीन कभी भारत का सगा हो सकता है?

हरिशंकर व्यास

हां, गौर करें 2014 से 2025 के बीच अमेरिका, चीन, रूस से पाकिस्तान, बांग्लादेश, मालदीव तक के भारत रिश्तों पर अपनी विदेश नीति का क्या अर्थ बना है? चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग को झूला झुलाने से लेकर नवाज शरीफ के घर जा कर पकौड़े खाने से अबकी बार ट्रंप सरकार के नारे का वह एक सिलसिला, जिससे दुनिया में सिर्फ यह साबित हुआ है कि भारत का कोई अर्थ नहीं है फिर भले भारत का विदेश मंत्रालय दुनिया के देशों से अपने प्रधानमंत्री को चाहे जितने राष्टीय सम्मान दिलाए। भारत तो एक एक्सट्रीम से दूसरे एक्सट्रीम तक झूला झूलने की विदेश नीति में देश के रक्षा-सामरिक हितों तक का भी ध्यान नहीं रखता।

इसी मई में, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, चीन और उसके सेनाधिकारी इस्लामाबाद में बैठ कर पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर को गाइड करते हुए थे। भारत के खिलाफ पाकिस्तानी सेना को चीन लड़ाकू विमान और मिसाइल, सेटेलाइट बैकअप देता हुआ था। दुनिया ने तब देखा और जाना कि चीन और पाकिस्तान किस हद तक एक-दूसरे के सगे हैं। तब रूस भी पाकिस्तान का ही सगा था। भारत के लिए वह नहीं बोला। वह तटस्थ रहा। इसलिए क्योंकि यह अब वैश्विक सत्य है कि चीन उसका आज मालिक है। चीन के दम पर ही राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन से लड़ते हुए हैं।

ये सब बाते आज के स्थायी बेसिक सत्य है। और नरेंद्र मोदी का गॉडफादर किसे माना जा रहा था? डोनाल्ड ट्रंप को। आखिर उनके लिए अमेरिकी चुनाव के समय मोदी ने खुद सभा में नारा लगाया था अबकी बार ट्रंप सरकार। इतना ही नहीं ट्रंप को खुश करने के लिए भारत में उनका रियल एस्टेट कारोबार बनवाया। कहते है ट्रंप की कंपनियों ने बिना दमड़ी लगाए भारत में हजारों करोड़ रुपए कमाए। यह भी सत्य है कि अमेरिका का बाइडेन प्रशासन हो या ट्रंप प्रशासन उसने चीन की डोकलाम आक्रामकता तथा पाकिस्तानी हरकतों के आगे मोदी सरकार को भरपूर मदद व खुफिया जानकारियां दी हैं। शायद अभी भी मिल रही हैं। और मोदी सरकार सार्वजनिक तौर पर भले इनकार करे लेकिन मई में सीजफायर ट्रंप प्रशासन के कारण ही हुआ था!

पर मोदी और उनके सलाहकार डोवाल, जयशंकर ने तब भी माना होगा कि मानो ट्रंप भी ऐंवे ही हैं। सो, सीजफायर के बाद ट्रंप का आभार जताने के बजाय भारत ने उन्हें ठेंगा बताया। पाकिस्तान के जनरल मुनीर ने मौका लपका। और वे ट्रंप की गोद (चीन की सौ टका रजामंदी से) में बैठ गए। पाकिस्तान ने ट्रंप को शांति का नोबेल पुरस्कार देने की पैरवी की।

## पूजा में पढ़ें राधा कृपा कटाक्ष स्तोत्र, बरसेगी किशोरी जी की कृपा

राधा अष्टमी भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। इस वर्ष यह पर्व रविवार, 31 सितंबर 2025 को पड़ेगा। इसे जगत की देवी श्रीराधा रानी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

इस पावन अवसर पर प्रात: काल से ही मंदिरों और घरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है। भक्तजन राधा-कृष्ण की भक्ति में लीन होकर व्रत रखते हैं और दान-पुण्य करते हैं। शास्त्रों के अनुसार, राधा अष्टमी के दिन व्रत करने और दान देने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

राधा अष्टमी पूजा विधि

पूजा विधि में भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी का स्मरण कर उनकी प्रतिमा या चित्र के सामने दीपक जलाया जाता है। धूप, पुष्प और नैवेद्य अर्पित कर भक्ति भाव से स्तुति की जाती है। इस दिन विशेष रूप से 'राधा कृपा कटाक्ष स्तोत्र' का पाठ करने की परंपरा है। मान्यता है कि इस स्तोत्र के पाठ से भक्त की हर मनोकामना पूर्ण होती है और राधा रानी की विशेष कृपा बरसती है। भक्त यदि श्रद्धा और विश्वास से इस दिन व्रत-पूजन करें तो जीवन में सभी प्रकार की बाधाओं का नाश होता है और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। श्री राधा कृपा कटाक्ष स्तोत्र मुनीन्दवृन्दवन्दिते त्रिलोकशोकहारिणी, प्रसन्नवक्त्रपंकजे निकंजभूविलासिनी। व्रजेन्दभानुनन्दिनी व्रजेन्द सूनुसंगते,

## भविष्य के कार्यक्रम के साथ वैचारिक कुहासे पर प्रहार

अपने सौ साल की यात्रा में संघ ने जीवन के हर मुमकिन क्षेत्रों में काम किया है और विराट स्तर पर उसके काम को मान्यता भी मिली है। संघ की शब्दावली में कहें तो दुनिया का सबसे बड़ा मजदूर संगठन भारतीय मजदूर संघ, उसका प्रकल्प है। किसी संगठन की सौ साल की यात्रा सामान्य बात नहीं है। आने वाले दशहरे को संघ अपनी स्थापना के सौ साल पूरी कर लेगा। चौतरफा कटु वैचारिक हमले, आरोप-प्रत्यारोप के बीच से निकलते हुए सौ साल की यात्रा पूरी कर लेना कोई हंसी-खेल नहीं है। अपने स्वयंसेवकों के त्याग, उनकी कठोर मेहनत और पैरों को गहरे तक छेद देने वाले कांटों के बीच से राह बनाने की उनकी कोशिशों की वजह से संघ उस दौर से निकल आया है, जिसमें किसी नव संगठन को उपेक्षा और विरोध के कड़वे दंश को झेलना पड़ता है। जिस समय आरएसएस की स्थापना हुई, ठीक उसी वक्त देश में कम्युनिस्ट आंदोलन भी शुरू हुआ। बेशक आजादी के तत्काल बाद कम्युनिस्ट आंदोलन को कुछ राजनीतिक सफलताएं जरूर मिलीं, लेकिन तुलनात्मक रूप से देखें तो आज संघ के मुकाबले उसकी सफलता कहीं पीछे दिखती है। भारतीय वैचारिकी और सांस्कृतिक सोच की बुनियाद पर स्थापित संघ का विस्तार विदेशी धरती तक हो चुका है। बेशक उसके कार्यकर्ता विदेशों में संघ के नाम पर काम न कर रहे हों, लेकिन उनके दिल में संघ का दर्शन और विचार ही है। संघ का यह दावा नहीं है कि उसका भारतीय जनता पार्टी पर नियंत्रण है, वह कहता है कि उसके कार्यकर्ता भाजपा में जरूर हैं। लेकिन यह सर्वमान्य तथ्य है कि बीजेपी की बुनियादी सोच और राजनीतिक दर्शन की बुनियाद संघ की वैचारिकी ही है। बीते स्वाधीनता दिवस को प्रधानमंत्री मोदी लालकिले की प्राचीर से अपने पारंपरिक संबोधन में संघ की सौ साल की यात्रा और उसकी वैचारिकी को याद करके एक तरह से अपने संबंधों और संघ की सोच की महत्ता की मुनादी कर चुके हैं। अपने सौ साल की यात्रा में संघ ने जीवन के हर मुमकिन क्षेत्रों में काम किया है और विराट स्तर पर उसके काम को मान्यता भी मिली है। संघ की शब्दावली में कहें तो दुनिया का सबसे बड़ा मजदूर संगठन भारतीय मजदूर संघ, उसका प्रकल्प है। संघ ने समाज के हाशिए पर खड़े रहे वनवासी समुदाय के लिए कई प्रकल्प चला रखे हैं। सामान्य शब्दावली में जिन्हें आदिवासी कहा जाता है, संघ की वैचारिकी उन्हें आदिम ना मानकर जंगलों में रहने वाली आम नागरिक ही मानती है। उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने और शिक्षा से वंचित उन बच्चों के लिए वनवासी कल्याण आश्रम और एकल विद्यालय संघ के ही कार्यकर्ताओं द्वारा चलाए जा रहे प्रकल्प हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र आंदोलन की आज अहम धुरी है, भारतीय किसान संघ भारतीय मूल्यों के साथ किसानों को भारतीय खेती की ओर लौटाने के साथ ही उनके हितों के लिए संघर्षरत है। विद्या भारती की ओर से शिक्षा क्षेत्र में काम चल रहा है।

ऐसे व्यापक संगठन को एक सूत्र में बांधे रखने और वैचारिक पथ पर चलाते रहने के लिए पारंपरिक तरीके का कोई प्रशासनिक ढांचा संघ के पास नहीं है, बल्कि तमाम संगठनों को जोड़ने की धुरी संघ का वैचारिक दर्शन है, जिसके मूल में भारतीयता, भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्वबोध के साथ राष्ट्र प्रथम की भावना है। सौ साल की यात्रा के बाद हर संगठन के सामने आगे बढ़ने के लिए स्पष्ट दिशा नीति और दर्शन की जरूरत है। संघ प्रमुख के तीन दिनों के व्याख्यान की एक वजह इसी दर्शन को आम लोगों से साझा करने और अपने कार्यकर्ताओं तक उसकी गहन पहुंच बाने की कोशिश कहा जा सकता है।

'सौ वर्ष की संघ यात्रा, नए क्षितिज' विषय पर राजधानी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहनराव भागवत के व्याख्यान को सावन की मेह कहा जा सकता है, जिसने संघ की वैचारिकी पर छाए आग्रही कुहासे को छांटने की सफल कोशिश तो की ही, संघ के कार्यकर्ताओं को अगले सौ साल के लिए आगे बढ़ते रहने के लिए दिशा भी दी। संघ के हिंदुत्व को अक्सर संकीर्ण नजरिए से देखा जाता है। संघ प्रमुख ने इसे खारिज करते हुए कहा कि संघ के हिंदुत्व का मतलब वसुधैव कुटुंबकम है। संघ के हिंदू राष्ट्र का मतलब यह नहीं कि राष्ट्र में गैर हिंदू नहीं होंगे, बल्कि वह ऐसा राष्ट्र होगा, जहां पंथ, संप्रदाय या भाषा के नाम पर किसी से कोई भेदभाव नहीं होगा, सबके साथ बराबरी का व्यवहार और न्याय होगा। संघ बार-बार कहता है कि उसका राष्ट्र, आधुनिक नेशन की तरह नहीं है, जिसमें स्टेट यानी राज भी शामिल है। संघ प्रमुख ने इस बार भी इसे दोहराया। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में उसे बड़ा और महत्वपूर्ण माना जाता रहा है, जो मानव और सृष्टि की भलाई के लिए काम करता है। उनका कहना था कि संघ का उद्देश्य मानव का निर्माण है, जो व्यक्ति, समाज, विश्व और सृष्टि को साथ लेकर चले, राष्ट्र को मजबूत बनाए और राष्ट्र निर्माण में अपना पूर्ण योगदान करे।

बीते कुछ वर्षों से हिंदू और हिंदुत्व को संकुचित अर्थों में लिया जाता रहा है। संघ प्रमुख ने इस संदर्भ में कहा कि हिंदू की चर्चा का मतलब राष्ट्रनिष्ठ जिम्मेदारी का बोध है । इतिहास में 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम को प्रस्थान बिंदु के रूप में याद करते हुए भागवत ने नया दृष्टिकोण पेश किया। उन्होंने कहा कि भले ही इस संग्राम में भारतीयों को असफलता मिली, लेकिन उसके बाद लोगों में अपनी स्वाधीनता को लेकर विचार बना। इसके बाद चार तरह की वैचारिक धाराएं उभरीं, स्वाधीनता प्राप्ति के लिए राजनीतिक विचारधारा कांग्रेस के रूप में सामने आई। मोहन भागवत ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस से ही आज की राजनीतिक पार्टियां एक तरह से निकली हुई हैं। उन्होंने कहा कि 1857 के बाद आजादी के लिए सशस्त्र संघर्ष का रास्ता अपनाने पर जोर दिया। ये क्रांतिकारी लोग थे। कुछ लोग ऐसे भी थे, जिन्हें लगा कि हमारे समाज में कई बुराइयां हैं, उन्हें दूर करने के लिए उन्होंने समाज सुधार आंदोलन शुरू किया, तो एक धारा ऐसी भी रही, जिन्होंने धार्मिक और सामाजिक सुधार पर जोर दिया। इस श्रेणी में दयानंद सरस्वती और स्वामी विवेकानंद का नाम लिया जा सकता है। भागवत के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार इन चारों धाराओं के साथ काम करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि जिन्हें हम हिंदू के नाम से जानते हैं, उन्हें संगठित करना जरूरी है और संघ की स्थापना हुई। भारत जैसे विशाल देश में स्थानीय स्तर पर नायकों की जरूरत बताते हुए मोहन भागवत ने रवींद्र नाथ ठाकुर के निबंध 'स्वदेशी समाज' को याद किया।

## -:: आज का राशिफल ::-




मेष राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप सबसे पहले पेंडिंग कार्यों को पूरा करेंगे, जिससे आपको अन्य कार्यों के लिए भी समय मिल सके।

वृषभ राशि : आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज व्यापारिक दृष्टि से आपका दिन सही रहेगा और आपके व्यावसयिक रिश्ते मजबूत बने रहेंगे।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहेगा। आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने के चांसेस हैं, जिससे घर में ख़ुशी का माहौल रहेगा। आज आप जो भी काम शुरु करेंगे,

कर्क राशि: आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे, जिनका लाभ उठाकर आप आगे बढ़ सकते हैं।

सिंह राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी कारोबारी गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी और आपको अच्छा धन लाभ भी होगा। इस राशि के छात्र विदेश में हॉयर एजुकेशन के लिये जाना चाहते हैं,

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज आपके बिगड़े काम बनेगें और आपको नए कार्यों में भी सफलता मिलेगी। आज कोर्ट-कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज कार्यस्थल पर आपकी मुलाकात नए व्यक्तियों से होगी , जिनसे मिलकर आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आप कुछ ऐसा करेंगें ,

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज किसी काम में आपको मनमुताबिक परिणाम हासिल होंगे। यदि आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं,

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप दूसरों से हटकर कुछ अलग करने का प्रयास करेंगें , जिसमें आपको पिता का साथ मिलेगा।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए मिली ङ्कजुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप अपने व्यापार में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव करने से पहले मार्केट का एनालिसिस जरूर करें। इस राशि के थोक विक्रेताओं को आज किसी कम्पनी से बड़ा आर्डर मिलने की संभावना बन रही हैं।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप अपने पुराने कामों में आगे बढ़ते हुए , नए कार्यों का भी शेड्यूल बनायेंगे। आज समाज से जुडे कार्यों को करने के लिये दिन उत्तम है,

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप रियल स्टेट में निवेश करने का मन बनायेंगे और किसी बड़े ग्रुप के साथ जुड़कर काम करेंगे।



केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ के आगे नहीं झुकेगा और इसके बजाय नए बाजारों पर कब्जा करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। टैरिफ लागू होने के बाद अपनी पहली टिप्पणी में गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत हमेशा मुक्त व्यापार समझौते के लिए तैयार है। गोयल ने नई दिल्ली में निर्माण उद्योग से जुड़े एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि लेकिन भारत न तो झुकेगा और न ही कभी कमज़ोर दिखेगा। हम साथ मिलकर आगे बढ़ते रहेंगे और नए बाज़ारों पर कब्ज़ा करते रहेंगे।

# भारत के स्किल्ड युवा टैलेंट में वैश्विक जरूरत पूरा करने की क्षमता

## पीएम मोदी ने जापान को दिया साथ आने का न्योता

टोक्यो (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के मैन्युफैक्चरर्स को भारत में आकर काम करने का न्योता दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं आप सबसे आग्रह करता हूं कि आइए, हम भारत में बनाएं, विश्व के लिए बनाएं। उन्होंने मैन्युफैक्चरर्स से कहा कि सुजुकी और डाइकिन की सक्सेस स्टोरीज आपकी भी सक्सेस स्टोरीज बन सकती हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिजनेस जगत के दिग्गजों से चर्चा के साथ अपने जापान दौरे की शुरुआत की। भारत-जापान इकोनॉमिक फोरम में पीएम मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री इशिबा का आभार व्यक्त किया। इस दौरान, उन्होंने कहा कि भारत की विकास यात्रा में, जापान हमेशा एक अहम पार्टनर रहा है। मेट्रो से लेकर मैन्युफेक्चरिंग तक, सेमीकंडक्टर से लेकर स्टार्ट-अप्स तक हर क्षेत्र में हमारी साझेदारी आपसी विश्वास का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि भारत में पॉलिटिकल और इकोनॉमिक स्टेबिलिटी है। पॉलिसी में पारदर्शिता और प्रीडिक्ट-अबिलिटी है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत विश्व की सबसे तेज ग्रो करने वाली मेजर इकॉनमी है और हम बहुत जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बनने जा रहे हैं।

इकोनॉमिक फोरम में प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 साल में भारत में किए गए रिफॉर्म्स का जिक्र किया और कहा कि इसके पीछे का संकल्प विकसित भारत बनाने का है। उन्होंने जापान के साथ मिलकर अलग-अलग क्षेत्र में किए गए कामों का उल्लेख किया।

= पीएम मोदी ने आह्वान करते हुए कहा, मैन्युफैक्चरिंग और ऑटो सेक्टर में भारत-जापान की भागीदारी बेहद सफल रही है। दोनों देश वही मैजिक साथ मिलकर बैटरीज, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर, शिप-बिल्डिंग और न्यूक्लियर एनर्जी में दोहरा सकते हैं। साथ मिलकर ग्लोबल साउथ, विशेषकर अफ्रीका के विकास में अहम योगदान दे सकते हैं। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का जिक्र करते हुए कहा कि जापान टेक पावर हाउस है और भारत एक टैलेंट पावर हाउस। उन्होंने कहा, भारत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग, बायोटेक्नोलॉजी और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में साहसिक और महत्त्वाकांक्षी पहल की है। जापान की टेक्नोलॉजी और भारत की टैलेंट मिलकर इस सदी की तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर सकते हैं। इसी तरह, पीएम नरेंद्र मोदी ने ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन, अगली पीढ़ी का इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्किल डेवलपमेंट और लोगों के बीच संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सोलर सेल और ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्रों में साझेदारी की अपार संभावनाएं हैं। ज्वाइंट क्रेडिट मैकेनिज्म का लाभ उठाकर क्लीन और ग्रीन फ्यूचर के निर्माण में सहयोग किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का स्किल्ड युवा टैलेंट वैश्विक जरूरतें पूरी करने की क्षमता रखता है। इसका लाभ भी जापान उठा सकता है।

साय की विदेश रणनीति रंग लाई- बस्तर होगा रोज़गार और स्वरोज़गार का गढ़

### विदेश दौरे से आज देर रात लौटेंगे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री

नई दिल्ली (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने दस दिवसीय जापान और दक्षिण कोरिया प्रवास के बाद देर रात नई दिल्ली लौट रहे हैं और कल दोपहर वे रायपुर पहुँचेंगे। यह विदेश यात्रा केवल एक कूटनीतिक दौरा भर नहीं थी, बल्कि इसे छत्तीसगढ़ के भविष्य की दिशा तय करने वाला कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस प्रवास के दौरान न केवल निवेशकों और उद्योगपतियों से संवाद किया बल्कि छत्तीसगढ़ को एक उभरते हुए निवेश गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने टोक्यो और ओसाका में जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (छ्वश्वञ्जक्र) सहित कई प्रतिष्ठित औद्योगिक समूहों और संस्थानों से मुलाकात की। उन्होंने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024ङ्क30 का विस्तार से उल्लेख करते हुए आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, क्लीन एनर्जी, फूड प्रोसेसिंग और अंतरिक्ष



बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान लोकसभा में विपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी राजद नेता तेजस्वी यादव और विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के साथ.



पटना में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के बाहर वोट अधिकार यात्रा के तहत एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ एक व्यक्ति द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर विरोध प्रदर्शन कर रहे भाजपा समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में लेने की कोशिश की।

# हर परिवार की एक महिला को मिलेंगे 10 हजार रुपये, सरकार ने किया बड़ा ऐलान

पटना (आरएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से ठीक पहले, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य की महिला मतदाताओं को साधने के लिए एक बड़ा ऐलान किया है। कैबिनेट बैठक में नीतीश सरकार ने 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत, बिहार के हर परिवार की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए 10 हजार रुपये की पहली किस्त दी जाएगी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी और बताया कि यह राशि सितंबर 2025 से ही महिलाओं के बैंक खातों में ट्रांसफर होनी शुरू हो जाएगी, जो चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले एक बड़ी सौगात मानी जा रही है।

यह योजना सिर्फ 10 हजार रुपये तक ही सीमित नहीं है। सीएम नीतीश ने बताया कि यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के एक बड़े मिशन का हिस्सा है। पहली किस्त के 6 महीने बाद, महिलाओं द्वारा शुरू किए गए रोजगार का आकलन किया जाएगा और जरूरत के अनुसार उन्हें 2 लाख रुपये तक की कुल आर्थिक सहायता दी जा सकेगी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने ट्वीट में कहा, हम लोगों ने नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही महिला सशक्तीकरण के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। इसी मिशन को आगे बढ़ाते हुए हमलोगों ने महिलाओं के हित में अब एक महत्वपूर्ण एवं अभूतपूर्व निर्णय लिया है, जिसके सकारात्मक और दूरगामी परिणाम होंगे।

कैसे मिलेगा योजना का लाभ? मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का लाभ राज्य के हर परिवार की एक इच्छुक महिला को मिलेगा। इस योजना का लक्ष्य महिलाओं को स्वरोजगार के लिए ?2 लाख तक की वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इसकी पहली किस्त के रूप में, ?10,000 की राशि सितंबर 2025 से सीधे पात्र महिलाओं के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। यह राशि महिलाओं को अपना उद्यम शुरू करने में मदद करेगी। ?10,000 की प्रारंभिक सहायता के बाद, ग्रामीण विकास विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग महिलाओं के रोजगार प्रस्तावों का मूल्यांकन करेंगे और उसके आधार पर उन्हें ?2 लाख तक की अतिरिक्त सहायता प्रदान करेंगे।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए गांवों से लेकर शहरों तक विशेष 'हाट बाजार' भी विकसित किए जाएंगे।

### श्रीनगर में तीन घटे तक बदरीनाथ हाईवे अलकनंदा में डूबा

उत्तरकाशी, (आरएनएस)। श्रीनगर क्षेत्र में शुक्रवार को अलकनंदा का रौद्र रूप नजर आया। नगर स्थित अल्केश्वर घाट में अलकनंदा नदी का जल स्तर खतरे के निशान पर बहता हुआ दिखा। जबकि श्रीनगर के पपड़ासू में बदरीनाथ हाईवे अलकनंदा में डूबा रहा। और सिद्धपीठ धारी देवी के चरणों को

## घटती आबादी का दिखने लगा असर, स्कूलों में 49 लाख बच्चे हुए कम; सरकारी संस्थानों पर सबसे ज्यादा मार

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के शैक्षणिक परिदृश्य को लेकर एक चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। लगातार दूसरे साल स्कूलों में दाखिला लेने वाले बच्चों की संख्या में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, 2024-25 में पिछले वर्ष की तुलना में 11 लाख कम बच्चों ने स्कूलों में दाखिला लिया है।

इन आंकड़ों का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि एक तरफ जहां सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों से बच्चों का मोहभंग हो रहा है, वहीं दूसरी ओर निजी स्कूलों में दाखिले के लिए भीड़ उमड़ पड़ी है। यह रुझान अभिभावकों की बदलती प्राथमिकताओं की ओर स्पष्ट संकेत कर रहा है। जिला स्तर पर जुटाए गए आंकड़ों (ष्ठद्बस्श्व+) के मुताबिक, प्री-प्राइमरी से लेकर हायर सेकेंडरी तक, 2024-25 में कुल 24.69 करोड़ नामांकन हुए। यह आंकड़ा 2023-24 में 24.80 करोड़ और 2022-23 में 25.18 करोड़ था। इस तरह देखें तो पिछले दो वर्षों में स्कूली बच्चों की संख्या में 49 लाख की भारी कमी आई है। आंकड़े साफ दिखाते हैं कि सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या लगातार घट रही है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जापान के टोक्यो में भारत-जापान आर्थिक मंच के दौरान अपने जापानी समकक्ष शिगेरु इशिबा के साथ।

## राजधानी से भी तेज, सुविधाओं में हवाई जहाज जैसी, जानें कब और कहां से चलेगी देश की पहली स्लीपर वंदे भारत?

प्रयागराज (आरएनएस)। भारतीय रेल के यात्रियों का एक लंबा इंतजार अब खत्म होने वाला है। देश की पहली शाही स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन दिवाली से पहले पटरियों पर दौड़ने के लिए तैयार है। यह ट्रेन न सिर्फ मौजूदा राजधानी एक्सप्रेस से ज्यादा तेज होगी, बल्कि सुविधाओं के मामले में भी उसे कहीं पीछे छोड़ देगी। रेलवे ने इस ट्रेन को नई दिल्ली से पटना के बीच चलाने की तैयारी पूरी कर ली है और इसका ठहराव प्रयागराज में भी होगा, जो संगम नगरी के यात्रियों के लिए एक बड़ी सौगात है। रेलवे सूत्रों के अनुसार, देश की पहली सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का संचालन दिवाली से पहले शुरू कर दिया जाएगा। यह ट्रेन पटना से नई दिल्ली के बीच चलेगी और इसका ठहराव पंडित दीन दयाल उपाध्याय, प्रयागराज एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर होगा। इसे पटना से रात 8 बजे चलाने की तैयारी है, जो अगले दिन सुबह 7~30 बजे नई दिल्ली पहुंच जाएगी। इस सफर को पूरा करने में स्लीपर वंदे भारत लगभग 11 घंटे 40 मिनट का समय लेगी, जबकि राजधानी एक्सप्रेस को यही दूरी तय करने में 12~30 घंटे लगते हैं। यह ट्रेन अधिकतम 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के लिए डिजाइन की गई है और इसका ट्रायल रन भी पूरा हो

## दिल्ली के बाद पंजाब की सत्ता से बेदखल होंगे अरविंद केजरीवाल : वीरेंद्र सचदेवा

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को पार्टी के सभी विधायकों, निगम पार्षदों और सभी पूर्व प्रत्याशियों के साथ मुलाकात की। केजरीवाल की इस मुलाकात पर भाजपा ने तंज कसा है। दिल्ली भाजपा चीफ वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के बाद अब पंजाब की सत्ता से भी बेदखल होने वाले हैं।

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि अरविंद केजरीवाल अपनी प्रासंगिकता खो चुके हैं और उन्हें पता है कि दिल्ली के बाद पंजाब भी उनके हाथ से निकल रहा है। इसीलिए तो उनकी मीटिंग में कई विधायक और पार्षद भी नहीं पहुंचे हैं।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा को धोखा यात्रा करार देते हुए वीरेंद्र सचदेवा ने जोरदार हमला बोला। उन्होंने उस घटना को शर्मनाक करार दिया है, जिसमें पीएम मोदी को लेकर आपत्तिजनक बातों का प्रयोग किया गया। सचदेवा ने कहा कि राहुल गांधी को शर्म आनी चाहिए कि उनकी यात्रा के दौरान भाषा की मर्यादा टूटी। अब उनके प्रवक्ता बहाने बनाने और बकवास करने की कोशिश करते हैं। गंभीरता से सवाल उठाया जाना चाहिए कि क्या ऐसे लोग समाज में रहने के लायक हैं। इस पर भी सोचना चाहिए।

दिल्ली भाजपा चीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग, इंडी गठबंधन की हताशा और नैतिक दिवालियापन को उजागर करता है।

## डिप्टी मेयर अतिन घोष के घर सीबीआई के छापे

कोलकाता (आरएनएस)। टीएमसी विधायक व कोलकाता नगर निगम के उप मेयर अतिन घोष के घर सीबीआई के छापे से सियासी गलियारों में हड़कंप मच गया। सीबीआई की टीम अतिन घोष के उत्तर कोलकाता स्थित आवास पर पहुची और उनसे आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं के बारे में पूछताछ की, जिसकी सीबीआई बलात्कार और हत्या की घटना की साथ-साथ जांच कर रही है। गौरतलब है कि आरजी कर अस्पताल कांड में दो अलग-अलग मामले दर्ज हैं—एक बलात्कार और हत्या का तथा दूसरा भ्रष्टाचार से संबंधित। भ्रष्टाचार वाले मामले में उस समय के प्राचार्य संदीप घोष पहले से ही जेल में बंद हैं। अतिन घोष बतौर स्थानीय विधायक रोगी कल्याण समिति से जुड़े हुए थे और कई बैठकों में शामिल भी रहे थे। जांच एजेंसियों का मानना है कि समिति द्वारा लिए गए कुछ फैसलों का संबंध अस्पताल में हुई कथित गड़बड़ियों से हो सकता है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि सीबीआई ने किन बिंदुओं पर अतिन घोष से पूछताछ की।



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में बादल फटने से प्रभावित गांव में खोज और बचाव अभियान के दौरान एसडीआरएफ कर्मी।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एक-दूसरे को नीचा दिखाने की सस्ती राजनीति से देश का माहौल खराब ना करें : मायावती

लखनऊ (आरएनएस)। बिहार के दरभंगा में कांग्रेस और राजद की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ मंच से कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर देशभर में राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने भी इस प्रकरण पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने बिना नाम लिए प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ हुई अभद्र टिप्पणी की निंदा की है। मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, देश में खासकर राजनैतिक स्वार्थ के कारण राजनीति का गिरता हुआ स्तर अति-दुखद एवं चिंतनीय है। इस संबंध में सभी पार्टियों की राजनीति, पार्टी के संविधान के हिसाब से विचार और सिद्धान्तों के आधार पर, देश व करोड़ों गरीबों व आमजन के हित में होनी चाहिए, जो कि खासकर पिछले कुछ वर्षों से सही से देखने को नहीं मिल रहा है, जबकि इस दौरान देश के सामने विभिन्न प्रकार की आन्तरिक एवं बाहरी चुनौतियां काफी बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि देश के उच्च सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं व विशेषकर राजनीति में उच्च पदों पर बैठे लोगों के बारे में जिस प्रकार की अभद्र, अशोभनीय, अमर्यादित व असंसदीय टिप्पणी आदि सार्वजनिक तौर पर करके उनकी व देश की छवि को भी धूमिल करने के जो प्रयास किये जा रहे हैं, वह अति-दुखद व चिंतनीय है। खासकर चुनाव के समय यह प्रक्रिया और भी अधिक विषैली व हिंसक हो जाती है। इसी क्रम में अभी बिहार में भी जो कुछ देखने व सुनने को मिला है, वह देश की चिन्ता को बढ़ाने वाला है। मायावती ने आगे कहा कि बसपा शुरू से ही सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय के अम्बेडकरवादी सिद्धान्त और नीति पर आयरन दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ पार्टी व सरकार चलाने का साहस दिखाने वाली पार्टी होने के कारण किसी भी प्रकार की दूषित व जहरीली राजनीति के खिलाफ है और दूसरों से भी यही उम्मीद करती है कि वे देश व आमजन के हित में घिनौनी स्वार्थ की राजनीति करने से दूर रहें और एक-दूसरे को जबरदस्ती नीचा दिखाने की सस्ती राजनीति से देश का माहौल खराब ना करें तो बेहतर। उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान का उल्लेख करते हुए कहा कि आदर्श कल्याणकारी भारतीय संविधान, भारत के करोड़ों लोगों के हित, सुरक्षा व उनके आत्म-सम्मान को सर्वोपरि मानते हुए, हर संवैधानिक संस्था को अपनी-अपनी निर्धारित सीमा में रहकर कार्य करने, अर्थात उन सबके लिए चेक एण्ड बैलेन्स की गारण्टी सुनिश्चित की है,



सलमान ने अपने फिटनेस उपकरण ब्रांड 'बीइंग स्ट्रांग' के लाइसेंस अधिकार को लेकर जेराई फिटनेस के साथ एक समझौता किया था। इसी के रॉयल्टी भुगतान को लेकर विवाद है। सलमान ने मई महीने में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण ( एनसीएलटी ) की मुंबई पीठ में जेराई फिटनेस के खिलाफ दिवाला अर्जी लगाई थी। लेकिन उस याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया गया कि दावा विवादास्पद प्रकृति का है

## अक्षय कुमार की फिल्म हैवान में श्रिया पिलगांवकर की एंट्री, सामने आई ये दिलचस्प जानकारी



अक्षय कुमार और सैफ अली खान ने लगभग 17 साल बाद एक रोमांचक थ्रिलर फिल्म के लिए हाथ मिलाया है, जिसके निर्देशन की कमान भूल भुलैया और हेरा फेरी के निर्देशक प्रियदर्शन को सौंपी गई है। इस फिल्म का नाम है हैवान। फिल्म की शूटिंग कोच्चि में शुरू हो चुकी है। अब हैवान में श्रिया पिलगांवकर की एंट्री हो चुकी है। वह फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती नजर आएंगी। आइए जानें क्या जानकारी मिली है।

रिपोर्ट के अनुसार, हैवान की स्टार कास्ट में अब श्रिया शामिल हो चुकी हैं। वह जल्द ही अपने हिस्से की शूटिंग शुरू करने वाली हैं। श्रिया इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह पहला मौका है, जब श्रिया, अक्षय और सैफ के साथ काम कर रही हैं। तीनों की तिकड़ी देखने के लिए दर्शक बेताब हैं। फिल्म हैवान अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।

हैवान साल 2016 की आई मलयालम थ्रिलर फिल्म ओप्पम की रीमेक है, जिसमें मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में अक्षय और सैफ के बीच जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिलेगी। अक्षय और सैफ ने हिंदी सिनेमा को कई हिट फिल्में दी हैं, जिनमें कल्ट क्लासिक मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी (1994), ये दिल्लगी (1994), तू चोर मैं सिपाही (1996) और कीमत (1998) शामिल हैं। दोनों को आखिरी बार साल 2008 में आई फिल्म टशन में साथ देखा गया था।

### तेजा सज्जा की मिराई की नई रिलीज डेट से उठा पर्दा, अब 12 सितंबर को सिनेमाघरों में आएगी

फिल्म हनुमान से रातोंरात प्रसिद्धि हासिल कर चुके एक्टर तेजा सज्जा अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म मिराई को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म हनुमान के बाद प्रशंसकों को उनकी आगामी फिल्म मिराई से काफी उम्मीदें हैं। लेकिन मिराई के लिए तेजा के फैंस को थोड़ा और इंतजार करना होगा। तेजा सज्जा की नई सुपरहीरो फिल्म मिराई की रिलीज डेट बदल गई है। यह फिल्म पहले 5 सितंबर, 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह 12 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। इसका ट्रेलर 28 अगस्त, 2025 को रिलीज होगा। कार्तिक गट्टामनेनी द्वारा निर्देशित मिराई एक एक्शन-एडवेंचर फंतासी फिल्म है। इस फिल्म को पीपल मीडिया फैक्ट्री ने बनाया है। फिल्म में तेजा सज्जा के साथ मांचू मनोज मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जबकि रितिका नायक, जयराम, जगपति

### रवि तेजा और श्रीलीला की मास जथारा की रिलीज स्थगित; निर्माताओं ने बताई वजह

रवि तेजा और श्रीलीला की फिल्म मास जथारा के लिए फैंस को और इंतजार करना होगा। यह फिल्म पहले 27 अगस्त को रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब किन्हीं कारणों की वजह से फिल्म की रिलीज डेट टाल दी गई है, जिसकी वजह निर्माताओं ने पोस्ट के जरिए साझा की है।

फिल्म मास जथारा की रिलीज जो 27 अगस्त को होने वाली थी, उद्योग-व्यापी हड़ताल और कुछ तकनीकी देरी के कारण टाल दी गई है। निर्माताओं ने बताया कि नई रिलीज तारीख जल्द घोषित की जाएगी।

सीथारा एंटरटेनमेंट्स ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, हड़ताल और सामग्री पूरी करने में देरी के कारण मास जथारा 27 अगस्त को रिलीज नहीं हो पाएगी।

## फिल्म 120 बहादुर की हीरोइन बनीं राशि खन्ना, पहली बार फरहान अख्तर के साथ जमेगी जोड़ी



पिछले काफी समय से अभिनेता, निर्देशक और निर्माता फरहान अख्तर फिल्म 120 बहादुर को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म से जुड़ीं अब तक कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं इसके जरिए फरहान पर्दे पर धमाकेदार वापसी करने वाले हैं और अब खबर है कि इसमें अभिनेत्री राशि खन्ना को कास्ट कर लिया गया है। ये पहला मौका होगा, जब वह किसी फिल्म में फरहान के साथ नजर आएंगी। आइए जानें फिल्म से जुड़ीं क्या कुछ जानकारियां सामने आई हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, राशि को ये फिल्म पिछली फिल्मों में उनकी शानदार अदाकारी के बलबूते मिली है। पिछली बार विक्रांत मैसी अभिनीत द साबरमती रिपोर्ट में उन्होंने दिल जीत लिए थे। इससे पहले आई फिल्म योद्धा में भी राशि ने कमाल का काम किया था। निर्माताओं को पूरा यकीन है कि राशि एक देशभक्ति और दिल छू लेने वाली इस फिल्म की कहानी और अपने किरदार के साथ पूरा न्याय करेंगी। राशि इस कहानी में और गहराई लेकर आएगी। राशि इस फिल्म में फरहान की जोड़ीदार बनी हैं और वह इससे जुड़कर बेहद उत्साहित हैं, लेकिन उनकी भूमिका को लेकर कोई जानकारी बाहर नहीं आई है। पिछले दिनों सुनने में आया था कि रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित इस फिल्म में अपनी भूमिका की तैयारी के लिए फरहान ने खुद को पूरी तरह झोंक दिया है। इसमें वह देश के लिए बलिदान देने वाले मेजर शैतान सिंह की भूमिका में नजर आएंगे।

## मन्नू क्या करेगा का नया गाना रिलीज, हमनवा में दिखा ललित पंडित का जादू

फिल्म 'मन्नू क्या करेगा' के पहले गाने 'हमनवा' को निर्माताओं ने जारी कर दिया है। इस खूबसूरत रोमांटिक गाने को मशहूर संगीतकार ललित पंडित ने कंपोज किया है। गायक वरुण जैन की आवाज में यह गाना हिंदी सिनेमा के सुनहरे दौर की याद दिलाता है। ललित पंडित ने 'तुझे देखा तो ये जाना सनम', 'पहला नशा' और 'कुछ कुछ होता है' जैसे सदाबहार गाने दिए हैं। 'हमनवा' में नए कलाकार व्योम और साची बिंद्रा की शानदार केमिस्ट्री दिखाई गई है। यह गाना देहरादून की हरी-भरी वादियों और खूबसूरत प्राकृतिक नजारों के बीच फिल्माया गया है, जो इसे और भी आकर्षक बनाता है। निर्माता शरद मेहरा और क्यूरियस आईज सिनेमा ने इस गाने को इंस्टाग्राम पर लॉन्च करते हुए लिखा, प्यार को शब्दों की जरूरत नहीं, बस एक धुन काफी है। 'हमनवा' आपके दिल का नया गीत है। फिर से प्यार में पड़ने वाला गीत। 'मन्नू क्या करेगा' का निर्देशन संजय त्रिपाठी ने किया है और इसमें विनय पाठक, कुमुद मिश्रा और चारु शंकर जैसे एक्टर्स अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हिमालय की खूबसूरत पृष्ठभूमि में बनी इस फिल्म में उत्तराखंड के मनमोहक स्थलों को दिखाया गया है। नई म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म मन्नू क्या करेगा का फर्स्ट पोस्टर 28 जुलाई को और टीजर 30 जुलाई को रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया।

फिल्म के कुछ गानों के बोल मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने लिखे हैं।

फिल्म निर्माता शरद मेहरा ने बताया कि यह फिल्म युवाओं के प्यार का जश्न है। इसमें यह दिखाया गया है कि लोग अपने प्यार में गलतियां करते हैं, लेकिन उन्हें एक दूसरा मौका भी मिलता है। यह कहानी उन कोशिशों के बारे में है जो किसी खास इंसान के लिए की जाती है।

## नुसरत भरुचा की फिल्म की रिलीज डेट आई सामने, टाइगर की बागी 4 से होगा क्लैश

बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'उफ्फ ये सियापा' को लेकर सुर्खियों में हैं। कॉमेडी और ड्रामा से भरपूर इस फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस फिल्म से लंबे समय बाद नुसरत कॉमेडी अंदाज में बड़े पर्दे पर नजर आने वाली हैं।

फिल्म का निर्देशन जी अशोक ने किया है, जो 'पिल्ला जमींदार', 'भागमती' और 'सुकुमारुडु' जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाते हैं। निर्माता लव रंजन और अंकुर गर्ग ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। लव रंजन और नुसरत भरुचा की जोड़ी पहले भी कई हिट फिल्मों में दर्शकों का मनोरंजन कर चुकी है, ऐसे में इस बार भी दर्शकों की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं।

नुसरत भरुचा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा किया। पोस्टर पर लिखा है - प्यार में भोली...गुस्से में बंदूक की गोली। इसके साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट बताते हुए कैप्शन में सियापा स्क्वॉड का जिक्र किया। पोस्टर आते ही सोशल मीडिया पर हलचल मच गई और फैन्स ने इसे लेकर अलग-अलग तरह के रिएक्शन दिए।

नुसरत भरुचा के अलावा फिल्म में नोरा फतेही, सोहम शाह, ओंकार कपूर और शारीब हाशमी भी नज़र आएंगे। सभी कलाकार अपने-अपने किरदारों में दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। हालांकि अभी तक फिल्म की कहानी का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन मेकर्स का दावा है कि इसमें हंसी और ड्रामा का जबरदस्त कॉम्बिनेशन देखने को मिलेगा।

नोरा फतेही ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल से इस फिल्म का पोस्ट शेयर किया और एक दिलचस्प राज खोला। उन्होंने बताया कि 'उफ्फ ये सियापा' की शूटिंग उन्होंने कोविड-19 महामारी के बाद की थी और उस समय उन्हें यह उम्मीद नहीं थी कि फिल्म थिएटर में रिलीज होगी। नोरा ने कहा - यह फिल्म मेरे लिए बेहद खास है क्योंकि इसमें कोई डायलॉग शूट नहीं किए गए थे। अब मैं खुद भी उत्साहित हूं यह देखने के लिए कि पर्दे पर इसका नतीजा कैसा रहा। फिल्म की एक और बड़ी खासियत है इसका संगीत। ऑस्कर विजेता ए.आर. रहमान ने इसके गाने कंपोज किए हैं। रहमान का नाम जुड़ते ही दर्शकों की उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं। माना जा रहा है कि फिल्म का म्यूज़िक इसकी सबसे बड़ी यूएसपी साबित हो सकता है।

इसी दिन सिनेमाघरों में टाइगर की फिल्म बागी 4 भी रिलीज होनी है। अब दोनों फिल्में अगर एक ही दिन रिलीज होती है तो आपसी टकराव होना तो लाजमी ही है।

### बॉक्स ऑफिस पर रजनीकांत की फिल्म कुली की पकड़ बरकरार, जानिए अब तक का कारोबार

इन दिनों सिनेमाघरों में दर्शकों के मनोरंजन के लिए कई बड़े सितारों की फिल्में लगी हुई हैं। इन्हीं में से एक है कुली, जिसके हीरो रजनीकांत हैं। सुपरस्टार ने एक बार फिर अपनी उम्दा अदाकारी का लोहा मनवाया है और बॉक्स ऑफिस पर भी यह औसत कमाई कर रही है। दूसरे सप्ताह में भी यह फिल्म करोड़ों में कमा रही है। आइए जानें कुली ने 12वें दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन किया है। बॉक्स ऑफिस का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, कुली ने अपनी रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 3 करोड़ रुपये जुटाए, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 260.35 करोड़ रुपये हो गया है। देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में भी कुली खूब नोट छाप रही है। फिल्म ने दुनियाभर में 479 करोड़ रुपये से अधिक कमा लिए हैं। इस फिल्म का अनुमानित बजट 350 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

## त्वचा पर कोजिक एसिड इस्तेमाल करने से पहले रखें इन बातों का ध्यान, होगा फायदा



त्वचा की देखभाल के लिए विभिन्न प्रकार के उत्पाद इस्तेमाल किए जाते हैं, जो उसे स्वस्थ बनाए रखने में योगदान देते हैं। इन उत्पादों में कोजिक एसिड का नाम भी शामिल होता है, जिसकी ज्यादा चर्चा नहीं की जाती। यह कई प्रकार के कवकों से प्राकृतिक रूप से प्राप्त यौगिक होता है। इसका उपयोग करने से त्वचा में निखार आता है और रंजकता से छुटकारा मिलता है। हालांकि, कोजिक एसिड लगाने से पहले आपको इन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

कोजिक एसिड से पहले जरूर लगाएं सनस्क्रीन

कोजिक एसिड एक ऐसा पदार्थ है, जो मेलेनिन को कम करने में सक्षम होता है। यह त्वचा की रंगत के लिए जिम्मेदार यौगिक होता है, जिसके कम होने पर त्वचा में निखार आ जाता है। हालांकि, मेलेनिन घटने पर त्वचा संवेदनशील भी हो जाती है और सूरज की किरणें उसे ज्यादा नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसीलिए, कोजिक एसिड लगाने से पहले आपको सनस्क्रीन जरूर इस्तेमाल करनी चाहिए। एक अच्छी गुणवत्ता वाली और 50 स्क्न्न वाली सनस्क्रीन लगाएं।

पहले कर लें पैच टेस्ट

कोजिक एसिड एक तरह का सक्रिय घटक होता है, जो हर किसी के लिए सुविधाजनक नहीं होता। कुछ लोगों को इसके इस्तेमाल से जलन हो सकती है या उनकी त्वचा लाल पड़ सकती है। खास तौर से संवेदनशील त्वचा वाले लोगों को ये परेशानियां होने का ज्यादा खतरा रहता है। इनसे बचने के लिए पहले पैच टेस्ट करके देख लें। हाथ पर थोड़ा-सा कोजिक एसिड लगाएं और कुछ घंटे इंतजार करके देखें कि उसका क्या असर होता है।

कम मात्रा से करें शुरुआत

कोजिक एसिड एक शक्तिशाली उत्पाद होता है, जिसे शुरुआत में ज्यादा नहीं लगाना चाहिए। आपको इसे धीरे-धीरे त्वचा की देखभाल का हिस्सा बनाना चाहिए और त्वचा को इससे परिचित होने का समय देना चाहिए। शुरुआत में इसे कम उपयोग करने से आपकी त्वचा को सहनशीलता विकसित करने में मदद मिलेगी और जलन का खतरा कम होगा। पहले इसे हफ्ते में केवल 2 बार लगाएं और धीरे-धीरे करके मात्रा बढ़ा दें।

ये अन्य उत्पादों का उपयोग करने से बचें

कई लोग कोजिक एसिड को अन्य सक्रीय घटकों के साथ इस्तेमाल करने की गलती कर बैठते हैं। ऐसा करने से त्वचा की सुरक्षात्मक परत को नुकसान पहुंचता है और जलन का खतरा बढ़ता है। आपको कोजिक एसिड के साथ रेटिनोइड्स और ग्लाइकोलिक एसिड जैसे अन्य शक्तिशाली उत्पाद लगाने से बचना चाहिए। इसके साथ सौम्य उत्पादों का ही प्रयोग करें। जब तक किसी पेशेवर द्वारा न सुझाया जाए तब तक एक साथ कई कठोर सक्रिय उत्पादों का उपयोग करने से बचें। कोजिक एसिड का इस्तेमाल करने के बाद ज्यादातर लोगों की त्वचा शुष्क हो जाती है और फटने लगती है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि आप इसे लगाने के तुरंत बाद मॉइस्चराइजर इस्तेमाल कर लें।

## अच्छी नींद के लिए अपनाएं ये आदतें, होगा फायदा



अच्छी नींद से न केवल दिनभर की ताजगी मिलती है, बल्कि इससे मानसिक और शारीरिक सेहत भी बेहतर होती है। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में सही समय पर सोना और जागना बहुत जरूरी हो गया है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और असरदार सुझाव देंगे, जिनसे आप रात को सोने से पहले कुछ आदतें बना सकते हैं और अच्छी नींद पा सकते हैं। इन आदतों को अपनाकर आप जीवन को और भी बेहतर बना सकते हैं।

नियमित समय पर सोने जाएं

रात को सोने का एक तय समय निर्धारित करें और उसे रोजाना फॉलो करें। इससे आपकी शरीर की आंतरिक घड़ी सेट हो जाएगी और आपको जल्दी नींद आने लगेगी। उदाहरण के लिए अगर आप रात 10 बजे सोने जाते हैं तो उसी समय पर बिस्तर पर जाएं और मोबाइल या टीवी देखने से बचें। इस आदत से आपका शरीर नियमित रूप से आराम करेगा और सुबह ताजगी महसूस होगी।

स्क्रीन टाइम कम करें

सोने से पहले मोबाइल, लैपटॉप या टीवी का उपयोग करना आपकी नींद को प्रभावित कर सकता है। इन उपकरणों की नीली रोशनी आपके दिमाग को जगाए रखती है, जिससे आपको नींद नहीं आती। कोशिश करें कि सोने से कम से कम एक घंटे पहले इन सभी उपकरणों का उपयोग न करें। इसके बजाय किताब पढ़ें या हल्का संगीत सुनें, जिससे आपकी आंखें आराम करें और नींद आने में मदद मिलेगी।

हल्का खाना खाएं

रात को सोने से पहले भारी खाना खाने से पाचन क्रिया पर बुरा असर पड़ सकता है, जिससे नींद में खलल पड़ता है। इसलिए रात का खाना हल्का और पौष्टिक होना चाहिए जैसे कि सलाद, दही या सूप आदि। इससे आपका पाचन तंत्र सही रहेगा और आपको अच्छी नींद मिलेगी। इसके अलावा सोने से पहले एक गिलास गर्म दूध पीना भी फायदेमंद हो सकता है, जिससे आपकी मांसपेशियां आराम करेंगी और नींद अच्छी आएगी।

ध्यान लगाएं या मेडिटेशन करें

सोने से पहले ध्यान लगाना या मेडिटेशन करना आपके मन को शांत करता है और तनाव कम करता है। यह प्रक्रिया आपकी मानसिक स्थिति को बेहतर बनाती है, जिससे नींद जल्दी आती है। आप चाहें तो हल्की स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज भी कर सकते हैं, जिससे मांसपेशियां आराम करेंगी। इसके अलावा आप सोने से पहले कुछ गहरी सांस लेने की तकनीक भी अपना सकते हैं, जिससे आपका मन शांत रहेगा और नींद अच्छी आएगी। आपका सोने का कमरा साफ-सुथरा होना चाहिए और उसमें अंधेरा होना जरूरी है ताकि बाहरी शोर या रोशनी आपको परेशान न करें। कमरे का तापमान भी सही होना चाहिए, न ज्यादा गर्म न ही ज्यादा ठंडा।

## शब्द सामर्थ्य -152

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 151 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना बरेला में रात्रि कुनाल बर्मन उम्र 20 वर्ष निवासी अनगढ़ महावीर मंदिर के सामने गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात लगभग 8 बजे पड़वार होते हुये अपनी बड़ी मम्मी सरस्वती के यहां बघराजी घूमने के लिये मामा राजकुमार बर्मन गोरखपुर वालों की मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन पी 9217 से लगभग 9-30 बजे सचिन उपाध्याय के फार्म हाउस पहॅुचा रोड़ के दाहिने तरफप्रेमलीला फार्महाउस की तख्ती गड़ी है वहां पर 2 मोटर सायकल एवं एक स्कूटी काले रंग की में 6 अज्ञात व्यक्ति खड़े थे



खेल रत्नों की चकाचौंध से चमक उठा मानस भवन- खेल दिवस पर हुआ ऐतिहासिक खेल अलंकरण समारोह

# खेलों से होता है सर्वांगीण विकास - लेफ्टिनेंट जनरल पी एस शेखावत

## सैनिक एवं खिलाड़ी बढ़ाते हैं तिरंगे की शान -परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र यादव










जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रदेश के महाकौशल क्षेत्र की अग्रणी खेल संस्था महाकौशल क्रीडा परिषद द्वारा हॉकी खेल के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेलों के क्षेत्र में अपना जलवा बिखरने वाले वर्तमान व पूर्व महिला एवं पुरुष सितारा खिलाड़ियों को मानस भवन में खेल प्रेमियों,प्रशिक्षकों, खेल संघो के पदाधिकारीयों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल पी एस शेखावत एवं प्रमुख अतिथियों के रूप में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू,भारतीय सेना के परमवीर चक्र प्राप्त योगेंद्र यादव, अर्जुन अवार्ड प्राप्त भारतीय हॉकी टीम के स्टार खिलाड़ी पूर्व ओलंपियन सैयद जलालुद्दीन रिजवी, वरिष्ठ हृदय रोग चिकित्सक डॉ पुष्पराज पटेल, डॉ नीरज जैन नेफ्रोलॉजिस्ट, व्यवसायी पिंकी जैन,की उपस्थिति में स्व. पी नायडू को मरणोपरांत एवं भारतीय महिला क्रिकेट टीम की क्रिकेटर शुचि उपाध्याय को सर्वोच्च खेल सम्मान महाकौशल खेल शिरोमणि अलंकार की ट्राफी एवं 11000 रुपए नगद राशि से सम्मानित किया गया जबकि 27 खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट खेल कौशल के लिए महाकौशल खेल रत्न से सम्मानित किया गया इन सभी 20 पुरुष व 9 महिला खिलाड़ियों को आयोजकों की ओर से सुंदर प्रमाण पत्र सम्मान पत्र पगड़ी टाई



ब्लेजर पहना कर?5000 की नगद राशि प्रदान की गई खेलों को बढ़ावा देने खेल वातावरण निर्मित करने वाली खेल संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया इसके पूर्व हनुमान जी की पूजा कर उनके चित्र पर मंच आसीन अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया तत्पश्चात कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रजलान करके किया गया जहां बांसुरी की धुन पर हनुमान चालीसा की प्रस्तुति की गई तो वहीं राष्ट्रभक्ति धुन पर बॉडीबिल्डिंग एवं पेंचक सिलाट का प्रदर्शन किया गया

मंच आसीन अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया,संचालन डॉ प्रशांत मिश्रा ने किया आभार प्रदर्शन रोहित यादव ने किया

महाकौशल क्रीडा परिषद के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक गुप्ता, आयोजन समिति के अध्यक्ष अभिनव जैन,संयोजक रवि पटेल, आरिफ बेग,सचिव वीरेंद्र सिंह ठाकुर,उपाध्यक्ष मनोज सेठ, सत्येंद्र ज्योतिषी, महासचिव राजेश राजपूत, आशीष तिवारी कोषाध्यक्ष हेमंत नायडू सह सचिव योगेंद्र तिवारी आलोक असाटी रोहित चोपड़ा लोकमन पटेल,शकील अनवर का कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा

**महाकौशल खेल शिरोमणि 2025**

शुची उपाध्याय क्रिकेट मंडला स्व पी पट्टाभी नायडू, वॉलीबॉल, मरणोपरांत

**महाकौशल खेल रत्न 2025**

सौरभ संकरन ताइक्वांडो श्रीराम तिवारी बास्केटबॉल गुलाब चंद्र गुप्ता कुश्ती भारतीय शैली जितेंद्र सिंह राजपूत कुश्ती काशी प्रसाद वर्मा एथलेटिक्स जितेंद्र रजक एथलेटिक्स शैलेंद्र सोनी वॉलीबॉल डॉ ज्योति जाट हॉकी संदेश यादव हॉकी साहिल रजक फुटबॉल नेहा यादव मॉडर्न पेंटथालान आरती तिवारी कराते शिवम गुप्ता योगासन स्पोर्ट्स दक्ष हल्दकार बॉडीबिल्डिंग हेमलता तिवारी कबड्डी प्रांजल राठौर पावरलिफ्टिंग परमजीत सिंह बॉक्सिंग अनुराग चौबे जूडो संतोष शिवहरे वेट लिफ्टिंग पूजा बर्मन खो खो विधि पंड्या वुशु कामद मिश्रा शतरंज

विनय डेरिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग (दिव्यांग) रागिनी वर्मा पर्वतारोहण विकास शर्मा,कबड्डी, नरसिंहपुर प्रणय लांजेकर कराटे बालाघाट शुभांगी ब्रह्मे फुटबाल छिंदवाड़ा

**स्तुतय खेल संस्थान**

**क्रीड़ा भारती**

आदर्श व्यायाम शाला रांझी अंजुमन इस्लामिया मढ़ाताल जेपी क्रिकेट अकादमी रानीताल ईस्ट यूनाइटेड फुटबॉल क्लब कांचघर

# कजलियां महोत्सव प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह आज

## लोक निर्माण मंत्री के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट जनो की उपस्थिति में होगा आयोजन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। समरसता सेवा संगठन द्वारा सब सबको जाने - सब सबको माने के ध्येय को साथ लेकर विगत दिनों संपन्न संस्कारधानी समरसता कजलियां महोत्सव में आयोजित निबंध, विविध वेशभूषा, पूजा की थाली एवं हस्त निर्मित राखी प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह मप्र के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य, ग्लोबल मेट्रो ग्रुप के डायरेक्टर श्री सौरभ बडेरिया के विशिष्ट आतिथ्य, आईएमए अध्यक्ष डॉ ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में कल रविवार 31 अगस्त 2025 को दोपहर 2 बजे से आईएमए हॉल, चंचला बाई कालेज के पास, रानीताल पेट्रोल पंप के सामने आयोजित किया गया है। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने बताया प्रतियोगितओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के अलावा भी सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को व्यक्तिगत पृथक से एवं निबंध के प्रतिभागियों को संस्थागत भी सूचना दी जाएगी। समरसता सेवा संगठन द्वारा सभी से उपस्थिति की अपील की गई है।

# नीट की तैयारी हेतु गरीब छात्र छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग देगा जस्टिस सिद्दीकी फाउंडेशन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जरूरतमंद छात्र छात्राओं शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने वाला जस्टिस सिद्दीकी फाउंडेशन जल्द ही दो और कोचिंग सेन्टर शुरू करने जा रहा है, जहाँ गरीब और जरूरतमंद छात्र छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी. फाउंडेशन के सेक्रेटरी एस.ए. सिद्दीकी ने बताया कि नए प्रस्तावित सेन्टर में जहाँ नीट की तैयारी करायी जाएगी वहीं माडल स्कूल में कक्षा नौवीं में एडमीशन के इच्छुक विधार्थियों को मुफ्त कोचिंग दी जाएगी.

दोनों कोचिंग हेतु 50-50 सीटें निर्धारित हैं. जो बच्चे एडमिशन चाहते हैं वो फाउंडेशन के आफिस 78 माडल टाउन कालोनी बिलहरी में सम्पर्क कर 10 सितम्बर तक फार्म भर सकते हैं .

# भाजपा कार्यकर्ता महानगर के सभी 967 बूथों में सुनेंगे प्रधानमंत्री के ''मन की बात'' कार्यक्रम

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के कार्यकर्त्ता शहर के सभी 967 बूथों में कल रविवार 31 अगस्त को प्रात: 11 बजे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के ''मन की बात'' कार्यक्रम को सुनेंगे।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने बताया कि ''मन की बात'' कार्यक्रम मध्यप्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह पश्चिम विधानसभा के नरसिंह वार्ड में बूथ क्रमांक 105 के अंतर्गत विवेक अग्रवाल के निवास पर सांसद श्री आशीष दुबे आचार्य श्री विद्यासागर मंडल के बूथ क्रमांक 117 में अजय पटेल के निवास पर, विधायक अभिलाष पांडे कुशाभाऊ ठाकरे मंडल अंतर्गत हनुमान वार्ड के बूथ क्रमांक 70 में कार्यकर्ताओं के साथ सुनेंगे।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने सभी पार्टी पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओ से अपने अपने बूथ पर आमजन के साथ प्रधानमंत्री जी के ''मन की बात'' कार्यक्रम को सुनने की अपील की है।

# हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120 वीं जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120 वीं जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ श्री राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 द्वारा किया गया। 29 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित खेल उत्सव के दौरान चेस, कैरम, बैडमिंटन, टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर कार्यालय में क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसी श्रृंखला में शनिवार को नर्मदा क्लब में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 1 सितंबर को सभी प्रतियोगिताओं के फाइनल मैच खेले जाएंगे और विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

## प्राणघातक हमला करने वाले आरोपियों की तलाश

जबलपुर । थाना गढ़ा में मारपीट में घायल को उपचार हेतु जानकी रमण अस्पताल लाये जाने की सूचना पर पहॅुची पुलिस को सुनील सेन उम्र 40 वर्ष निवासी त्रिपुरी चौक गढ़ा ने बताया कि वह सेंट न्यूज मे क्राईम रिपोर्टर का काम करता है आज रात लगभग 1-30 बजे मेडिकल अस्पताल से खबर बनाने के लिये मदनमहल अपनी मोटर सायकल डीलक्स से जा रहा था सिंघई पेट्रोल पम्प के सामने पहॅुचा तभी पीछे से नीले रंग की शिफ्ट कार आयी जिसके ड्रायवर ने उसकी मोटर सायकल के सामने कार रोक दी कार में नम्बर प्लेट नहीं थी कार से ड्रायवर सहित चार लड़के उतरे जो हाथ में डंडा एवं लोहे की राड लिये थे चारों गाली गलोज करते हुये बोले कि कई दिनों से समझा रहे हैं आज तुझे जान से खत्म कर देगें कहते हुये जान से मारने की नियत से डंडा एवं राड से हमलाकर सिर हाथ पैर पीठ में

# त्यौहार के अवसर पर जबलपुर-दानापुर-जबलपुर के मध्य पूजा स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल ने दुर्गा, दिवाली एवं छठ पूजा त्यौहारों के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए जबलपुर-दानापुर-जबलपुर के मध्य द्वि-साप्ताहिक 12-12 ट्रिप पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर से प्रस्थान कर सिहोरा रोड, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन की पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों की विस्तृत जानकारी निम्न है। पूजा स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर से दानापुर स्पेशल ट्रेन 26 सितंबर से 5 नवंबर 2025 तक द्वि-साप्ताहिक बुधवार एवं शुक्रवार को एक्सप्रेस ट्रेन जबलपुर से रात 19:35 बजे प्रस्थान कर सिहोरा रोड 20:10 बजे, कटनी 21:10 बजे, मैहर 22:10 बजे, सतना 22:45 बजे पहुँचकर और अगले दिन गुरुवार एवं शनिवार को सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01702 दानापुर से जबलपुर स्पेशल ट्रेन 27 सितंबर से 6 नवंबर 2025 तक द्वि-साप्ताहिक गुरुवार एवं शनिवार को एक्सप्रेस ट्रेन दानापुर स्टेशन से सुबह 11:00 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी रात 20:30 बजे, पहुंचकर अगले दिन सतना मध्य रात्रि 00:55 बजे, मैहर 01:28 बजे, कटनी 02:30 बजे, सिहोरा रोड 03:30 बजे और शुक्रवार एवं रविवार को भोर में 04:15 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी। कोच कम्पोजीशन :- इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 08 शयनयान श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 17 कोच रहेंगे। रेलगाड़ी के हाल्ट :- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी। यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए पूजा स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, एनटीइएस या रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन रेलवे वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।



## वेलांकन्नी माता की हुई

जबलपुर। निर्मला चर्च में वेलांकन्नी माता के आदर में नवीना प्रार्थना आयोजित की गई। मुख्य याजक फा. थॉमस माचाड़ो द्वारा ध्याजारोहण एवं पवित्र मिस्सा बलिदान अर्पित किया गया। दूसरा आयोजन सरकारी कुआं एवं अच्छे मियां का बड़ा के विश्वासियों द्वारा किया गया, जिसमें पल्ली परिषद की मर्लिन जोसेफ, माइकल जोसेफ, क्रिस्टोफर खालको, शैलेश एंड्रयू एवं समस्त विश्वासियों का सहयोग सराहनीय रहा। प्रार्थना के दूसरे दिन सीएमएस कंपाउंड के विश्वासियों द्वारा आयोजित किया गया है।

# जीपिकॉन 2025 में 500 डॉक्टर शामिल, जनरल मेडिसिन और गैस्ट्रोएन्टरोलॉजी में नई प्रगति पर हुई चर्चा




जबलपुर- गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और मेडिसिन के क्षेत्र में नई प्रगति और नवीनतम जानकारी जानने के उद्देश्य से जनरल प्रैक्टिशनर्स कॉन्फ्रेंस - जीपिकॉन 2025 का आयोजन 23 अगस्त 2025 को वीसीए क्लब, जामठा, नागपुर में सफलतापूर्वक किया गया।

इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य जनरल मेडिसिन और गैस्ट्रोएन्टरोलॉजी क्षेत्र में हुई नई प्रगति के बारे में जागरूकता फैलाना था। इस तरह के कॉन्फ्रेंस फैमिली फिजिशियंस के ज्ञान को बढ़ाने में मददगार साबित होते हैं, जिससे वे अपनी रोज़मर्रा की मेडिकल प्रैक्टिस को और बेहतर बना पाते हैं। इस वर्ष के सम्मेलन में 500 से अधिक डॉक्टरों और फैमिली फिजिशियंस ने हिस्सा लिया।

कॉन्फ्रेंस की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई, जिसका उद्घाटन महाराष्ट्र सरकार के राजस्व मंत्री और नागपुर और अमरावती जिले के पालक मंत्री श्री चंद्रशेखर बावनकुले ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस मौके पर डॉ. श्रीकांत मुकेवार (ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन - जीपिकॉन 2025 और मैनेजिंग डायरेक्टर, मिडास हॉस्पिटल), डॉ. सौरभ मुकेवार (ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी - जीपिकॉन 2025 और डायरेक्टर, मिडास हॉस्पिटल, वर्धा रोड, नागपुर), डॉ. शुभंकर गोडबोले(ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी - जीपिकॉन 2025) और डॉ. भूषण बावरे(ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी - जीपिकॉन 2025) भी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण सत्र और वक्ता

वैज्ञानिक कार्यक्रम में मेडिसिन और गैस्ट्रोएन्टरोलॉजी के महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों के सत्र शामिल थे, जिनमें निम्नलिखित विषयों पर चर्चा हुई:

हाईपरटेंशन: कारण और इलाज की दिशा - डॉ. देबाशीष बाला

एनीमिया: जांच और इलाज के महत्वपूर्ण पहलू- डॉ. रमेश मुंडले डायबिटीज, मोटापा और फैटी लिवर डिज़ीज़ (पैनल चर्चा) - डॉ. श्रीकांत मुकेवार, डॉ. निखिल बालंखे, डॉ. अमृत कौर, डॉ. सनोबर शेख एसिड पेप्टिक डिज़ीज़: जांच और इलाज (दवा से लेकर प्रक्रियाओं तक) - डॉ. अमित कवीमंदन

कॉन्स्टिपेशन: प्राथमिक देखभाल के लिए व्यावहारिक तरीका - डॉ. श्रीकांत मुकेवार

डायरिया: इलाज की दिशा - डॉ. भूषण भावर पेट दर्द: जीपी (जनरल प्रैक्टिशनर) के लिए जांच का रोडमैप - डॉ. सौरभ मुकेवार एलएफटी (लिवर फंक्शन टेस्ट) की जांच और पीलिया पर केस-आधारित चर्चा - डॉ. अमृत कौर गहरा

शरीर में लगातार होने वाली खुजली (जनरल प्रुरिटस) का इलाज- डॉ. नीली चौधरी बुखार की पहचान और ट्रॉपिकल बुखार की देखभाल- डॉ. शरद देशमुख किडनी रोग की शुरुआती पहचान - डॉ. मोनाली साहू एक्यूट पैनक्रियाटाइटिस का प्राथमिक स्तर पर इलाज - डॉ. सौरभ मुकेवार जोड़ों के दर्द का इलाज: डॉक्टरों को क्या जानना चाहिए - डॉ. कौस्तुभ बेलापुरकर अनजाने लक्षणों का इलाज - डॉ. ईशा आहलूवालिया सिरदर्द को समझना: सिरदर्द का निदान और प्रबंधन करने के लिए सामान्य डॉक्टर कि मार्गदर्शिका- डॉ. प्रणीत खंडाईत एडल्ट वैक्सीनेशन की सिफारिशें: वैश्विक बनाम भारतीय दृष्टिकोण और जीआई मरीजों पर संक्रमण का प्रभाव - डॉ. शुभंकर गोडबोले जस्ट आस्क मी एनीथिंग (छ्रक्र)卐 इंटरएक्टिव सत्र - डॉ. श्रीकांत मुकेवार एवं टीम मिडास

# कलेक्टर एवं एसपी ने गणेश विसर्जन और ईद मिलादुन्नाबी की व्यवस्थालओं के संबंध में बैठक लेकर दिये आवश्यक निर्देश



जबलपुर-कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक श्री संपत उपाध्याय ने आज गणेश विसर्जन की व्यरवस्थासओं को लेकर कलेक्टर सभागार में बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि परम्परागत रूप से जिन स्थानोंं पर गणेश विसर्जन किया जाता हैए वहां की संपूर्ण व्यौवस्थोओं का जायजा लें ताकि किसी प्रकार की कोई अनहोनी न हो। नगर निगम लाईटिंग व रैलिंग की व्यववस्थाण करें। साथ ही कहा कि गणेश विसर्जन अनंत चतुर्दशी में ही करना सुनिश्चित करेंए क्योंकि श्राद्धपक्ष में विसर्जन को अच्छा नहीं माना जाता है। पुलिस अधीक्षक श्री उपाध्यानय ने कहा कि विसर्जन के दौरान दो से ज्या दा डीजे न हो और जरूरत से ज्यालदा डेसीबल पर यदि डीजे बजते हैं तो उन पर कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान कलेक्टतर श्री सक्सेडना व एसपी श्री उपाध्याउय ने ईद मिलादुन्नेबी की व्यनवस्थाचओं के संबंध में भी चर्चा कर कहा कि शांति समिति की बैठक के दौरान व्य वस्था ओं को लेकर जो सुझाव आये थे उनका अमल करना सुनिश्चित किया जाये। सभी संबंधित अधिकारी पिछले वर्षों की भांति तैयारियों का जायजा लें और व्यवस्था सुनिश्चित करें।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना शहपुरा में रात्रि दशरथ विश्वकर्मा उम्र 50 वर्ष निवासी ओम शांति कालोनी शहपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कारपेंटर का काम करता है अपने बेटे स्वंय विश्वकर्मा के साथ काम करने के लिये सुबह लगभग 9-30 बजे जबलपुर चला गया था पत्नी निर्मला घर पर थी जो दोपहर लगभग 12 बजे घर में ताला लगाकर विनोद विश्वकर्मा के घर मोहराई छट की पूजा करने के लिये शहपुरा गयी थी शाम लगभग 6 बजे घर वापस आयी देखा घर का ताला टूटा था अंदर जाकर देखी आलमारी खुली थी सामान बिखरा था



# बचपन का दोस्त ही निकला हत्यारा, गर्लफ्रेंड-ड्राइवर के साथ मिलकर की वारदात

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में रांझी क्षेत्र से लापता हुए युवक नितेश विश्वकर्मा की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. नीतेश की हत्या उसके बचपन के दोस्त ने अपनी गर्लफ्रेंड व ड्राइवर के साथ मिलकर की. इसके बाद लाश को बरगी की नहर में फेंक दिया.

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 24 अगस्त की रात घर से निकले नितेश की लाश 26 अगस्त को बरगी के सगड़ा नहर में मिली थी. शुरुआत में इसे आत्महत्या समझा गया. लेकिन पीएम रिपोर्ट व पुलिस जांच में सामने आया कि नितेश की हत्या की गई थी. हत्या की साजिश उसके बचपन के दोस्त रमनदीप, गर्लफ्रेंड मीनाक्षी व ड्राइवर तोशीब ने मिलकर रची थी. पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

**नहर किनारे मिली लाश और कार-**

रांझी थाना क्षेत्र के संजय नगर निवासी



नितेश विश्वकर्मा 24 अगस्त की रात इनोवा कार एमपी 20 सीजी 7482 लेकर घर से निकला था. देर रात तक घर नहीं लौटने पर पिता ने कॉल किया लेकिन फोन बंद मिला. अगले दिन परिजनों ने रांझी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. 26 अगस्त की शाम बरगी थाना पुलिस को नहर किनारे एक इनोवा कार खड़ी होने की सूचना मिली. कार खुली हुई थी लेकिन उसमें कुछ नहीं मिला. थोड़ी ही दूरी पर पानी में झाड़ियों के बीच नितेश की लाश बरामद की गई.

**दोस्त बना हत्याकांड का मास्टरमाइंड-**

पुलिस जांच में पता चला कि रांझी मस्ताना चौक का रमनदीप, नितेश विश्वकर्मा का बचपन का दोस्त था. दोनों स्कूल के समय से साथ रहते थे. अप्रैल 2024 में उन्होंने मिलकर बैंक से दो हाइवा गाडियां फाइनेंस करवाईंए जिन्हें उदयपुर से खरीदा गया था. गाडियां लेने के बाद रमनदीप ने कहा कि पूरा व्यापार वही संभालेगा और हिसाब-किताब भी वही देखेगा. कुछ समय बाद उसने नितेश को बताया कि काम में 13 लाख रुपए का नुकसान हो गया है. इस पर नितेश ने विरोध जताया और कहा कि जब सारा काम रमनदीप देख रहा है, तो नुकसान भी उसी का होना चाहिए. इसी बात को लेकर एक माह पहले दोनों के बीच विवाद हुआ था. इसी विवाद के बाद रमनदीप ने नितेश की हत्या की साजिश रच डाली.

**गर्लफ्रेंड और ड्राइवर ने दिया साथ-**

पुलिस के अनुसार हत्या की साजिश में रमनदीप की फ्रेंड मीनाक्षी भाटिया व ड्राइवर तोशीब भी शामिल थे. तीनों ने मिलकर योजना बनाई और रमनदीप ने गौर स्थित एक होटल से मीनाक्षी और तोशीब को लगातार निर्देश दिए. इसी प्लान के तहत नितेश की हत्या की गई और लाश नहर में फेंक दी गई.

**पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा-**

वारदात के छह दिन बाद रांझी और बरगी थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए हत्याकांड का पर्दाफाश किया और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस अब हत्या में इस्तेमाल तरीके और वारदात से जुड़े अन्य सबूतों की जांच कर रही है.


# डुमना विमानतल पर मिली सतना से लापता युवती, दिल्ली ले जा रहा था शाहनवाज

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** सतना से लापता युवती जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर युवक शाहनवाज कुरैशी के साथ मिली. दोनों दिल्ली जाने की तैयारी में थे, इस बीच युवती की गुमशुदगी दर्ज होने पर पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस की और एयरपोर्ट पर ही दोनों को रोक लिया. सतना पुलिस की सूचना पर खमरिया थाना की डुमना पुलिस चौकी की टीम ने दोनों को हिरासत में ले लिया है. सतना पुलिस के जबलपुर पहुंचने पर दोनों को उनके सुपुर्द किया गया. खबर है कि सतना की जवानसिंह कालोनी में रहने वाला युवक शाहनवाज कुरैशी दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है. शाहनवाज की कुछ वर्ष पहले एक युवती से पहचान हुई. जो धीरे-धीरे दोस्ती में बदल गई और फिर मुलाकातों का सिलसिला शुरु हो गया. दोनों एक दूसरे के साथ मिलते रहे. इस बीच दोनों एक दूसरे से प्यार हो गया. यहां तक कि शादी तक करने का मन तक बना लिया गया. पिछले दिन शाहनवाज कार में युवती को बिठाकर जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पहुंच गया. इधर युवती के अचानक घर से लापता होने के कारण परिजन चिंतित हो गए, उन्होने अपने स्तर पर तलाश की जब कोई जानकारी नहीं मिली तो थाना पहुंचकर पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी दी. पुलिस ने युवती के मोबाइल लोकेशन ट्रैक की तो पता चला कि वह जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर है. सतना पुलिस ने तत्काल खमरिया थाना पुलिस से संपर्क कर सूचना पर. जिसपर खमरिया पुलिस ने एयरपोर्ट पहुंचकर युवती व शाहनवाज को हिरासत में लेकर सतना पुलिस को खबर दी. सतना पुलिस भी जबलपुर पहुंच गई. इस बीच खमरिया पुलिस ने दोनों के आधार कार्ड चेक करते हुए पूछताछ की, जिसपर युवती ने युवती ने बताया कि शाहनवाज उसे दिल्ली घुमाने ले जाने की बात कह रहा था. इधर युवती के परिजनों ने आरोप लगाया कि शाहनवाज ने उसे जबरन दिल्ली ले जाने की कोशिश की. वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए खमरिया पुलिस ने दोनों को सतना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया. सतना कोतवाली पुलिस ने शाहनवाज कुरैशी के खिलाफ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 3 व 5 के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया, वहीं युवती को परिजनों के हवाले कर दिया

# एमपी के सबसे लम्बे फ्लाई ओवर पर रील बनाने वालों की अब खैर नहीं, जबलपुर पुलिस ने 190 लोगों के चालान काटे









**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** एमपी के सबसे बड़े फ्लाईओवर पर स्टंटए वीडियो व डांस करने का शौक युवाओं की अब खैर नहीं. जबलपुर पुलिस ने ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करते हुए चालानी कार्रवाई की है. पुलिस ने एक सप्ताह में 190 लोगों के चालान काटे है.

फ्लाई ओवर पर देर रात भी डीएसपी बीएन प्रजापति और मदनमहल थाना प्रभारी संगीता सिंह गश्त करते रहे. इस दौरान कई लोगों को पकड़कर चालान जारी किया. इसके साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी. गौरतलब है कि पिछले दिनों एक वीडियो सामने आया था, जिसमें फ्लाईओवर पर चलती कार की छत पर कुछ युवक बैठे थे और कुछ लड़के गेट से बाहर लटक रहे थे. ये वीडियो गौरीघाट के रहने वाले मोहन सेन ने अपने दोस्तों के साथ बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था. मोहन ने माना कि उसने यातायात नियमों का उल्लंघन किया और अपनी जान जोखिम में डाली. जबलपुर पुलिस ने मोहन की गाड़ी का 3 हजार रुपए का चालान कर नोटिस भेजा. साथ ही चेतावनी दी कि दोबारा ऐसा करने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी.

**किन्नर माही ने फ्लाईओवर पर किया था डांस-**

फ्लाईओवर के केबल-स्टे ब्रिज पर डांस करती माही शुक्ला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. पुलिस ने उसे तलाश कर हिदायत दी कि भविष्य में फ्लाईओवर या सड़क पर ऐसा डांस न करे. माही ने गलती स्वीकार करते हुए कहा कि उसका इरादा केवल जबलपुर को मिली इस बड़ी सौगात की खुशियां मनाने का था और अब ऐसा दोबारा नहीं करेगी.

**रील बनाने वाले पीके को तलाश रही पुलिस-**

अभिनेता आमिर खान की फिल्म पीके के किरदार जैसी एक्टिंग करते हुए एक युवक ने फ्लाईओवर पर वीडियो बनाया. वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने उसे तलाशना शुरू किया और ब्रिज पर 24 घंटे निगरानी रखी ताकि स्टंट और रील बनाने वाले जोखिम भरे व्यवहार से रोके जा सके.

**एक बाइक पर दिखे 6 लड़के-**

बीते एक सप्ताह में फ्लाईओवर पर बनाए गए वीडियो पुलिस ने संज्ञान में लिए. कुछ वीडियो में कार में कई लड़के खड़े थे तो कुछ में बाइक पर छह लोग फोटो सेशन कर रहे थे. सड़क पर डीजे लगाकर डांस करने वाले वीडियो भी सामने आए. तब पुलिस ने ऐसा नहीं करने की हिदायत दी थी. इसके बाद भी लोग फ्लाईओवर पर वीडियो बना रहे हैं. पुलिस ऐसे सभी लोगों की गाड़ी और उनका पता कर कार्रवाई कर रही है. फ्लाईओवर के केबल-स्टे ब्रिज पर डांस करती माही शुक्ला का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। पुलिस ने उसे तलाशकर समझाइश दी और हिदायत दी कि भविष्य में फ्लाईओवर या सड़क पर इस तरह के वीडियो न बनाए। माही ने गलती मानते हुए कहा कि उसका उद्देश्य केवल जबलपुर को मिली इस सौगात की खुशी मनाना था।

**'पीके' स्टाइल वीडियो बनाने वाले की तलाश**

एक अन्य युवक ने आमिर खान की फिल्म पीके के किरदार की नकल करते हुए फ्लाईओवर पर वीडियो बनाया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही है और ब्रिज पर 24 घंटे निगरानी बढ़ा दी गई है।

**चेतावनी के बावजूद नहीं मानी बात**

कुछ वीडियो में बाइक पर 5-6 लोग सवार होकर फोटो सेशन करते दिखे तो कहीं कार पर खड़े होकर रील बनाई गई। यहां तक कि डीजे लगाकर सड़क पर डांस करने वाले वीडियो भी वायरल हुए। पहले पुलिस ने केवल चेतावनी दी थी, लेकिन बार-बार नियम तोड़े जाने के बाद अब कड़ी कार्रवाई शुरू की गई है।

**पुलिस की अपील-** पुलिस ने कहा है कि फ्लाईओवर पर स्टंट और रील बनाना न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है बल्कि जानलेवा भी हो सकता है। सभी से अपील की गई है कि नियमों का पालन करें, अन्यथा आगे एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 4 साल पुरानी चोरी के विवाद में हुआ झगड़ा, चाकू- ब्लेड से हमला करने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** गोहलपुर थाना क्षेत्र में बीते 4 साल पहले हुई चोरी के विवाद को लेकर युवक पर चाकू और ब्लेड से प्राणघातक हमला करने वाले फरार आरोपी पिता-पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। टीआई गोहलपुर रीतेश पांडे ने बताया कि गुरुवार को गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लाए जाने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल नीरज रजक (35), निवासी नर्मदा नगर गोहलपुर ने बताया कि वह धोबी का काम करता है। उसके घर के सामने भारत कोष्टा का मकान है, जहां करीब 4 साल पहले चोरी हुई थी। तब से भारत कोष्टा और उसका बेटा अमित अक्सर उस पर चोरी का आरोप लगाते थे। घटना वाली रात नीरज घर लौट रहा था, तभी सड़क किनारे भारत कोष्टा और अमित कोष्टा मिले और फिर से चोरी की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर भारत ने चाकू और अमित ने ब्लेड से हमला कर उसके हाथ, पेट, सीना, गर्दन, गाल और कंधे पर गंभीर चोटें पहुंचाईं।

पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296, 109, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर फरार आरोपियों भारत कोष्टा (50) और अमित कोष्टा (18), निवासी मालगुजार परिसर बस्ती नंबर-2 गोहलपुर को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया।

## सूने मकान का ताला तोडकर चोरी

**जबलपुर-** थाना शहपुरा में रात्रि अरविन्द सिंह राजपूत उम्र 53 वर्ष निवासी कैथरा शहपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शासकीय प्राथमिक शाला नाचनखेड़ा में शिक्षक के पद पर पदस्थ है सुबह लगभग 9-40 बजे रिश्तेदारी में नारायणपुर सुरखी जिला सागर अपने परिवार सहित गया था दोपहर लगभग 3-50 बजे उसके पड़ौसी गोविन्द पटैल ने फोन कर बताया कि आपके मकान के मेन गेट एवं सामने का दरवाजा खुला है, उसने गोविन्द पटैल को घर जाकर देखने कहा तो उन्हौने वीडियो कॉल कर दिखाया कोई अज्ञात चोर घर में घुसकर आलमारी एवं गोदरेज का ताला तोड़कर सामान चोरी कर ले गया हैं वह शाम को घर वापस आया देखा गोदरेज में रखे सोने का हार, 2 मंगलसूत्र, 1 विचौली, 1 मनचली, 5 जोड़ी कान के गहने, 2 माला गुरिया वाली, 1 अंगूठी चांदी की पायल बिछिया एवं नगदी 45 हजार रूपये नहीं थे

## सांप के काटने से युवक की मौत

जबलपुर। थाना बरगी क्षेत्र के ग्राम रैपुरा में सांप के काटने से एक युवक की मौत हो गई। देर रात सांप ने युवक को घर में ही डस लिया था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रैपुरा निवासी आनंद चडार उम्र 24 वर्ष को देर रात लगभग 1ः30 बजे सांप ने काट लिया। परिजन आनन-फानन में उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण युवक की जान नहीं बचाई जा सकी और सुबह 9ः30 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# आपसी विवाद के चलते फावड़ा और डंडों से हमला, 5 लोग घायल

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना पनागर क्षेत्र में आपसी विवाद के चलते हुई मारपीट में पांच लोग घायल हो गए। घायलों में से दो को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

घटना के संबंध में घायल श्रीमती अंजली चौधरी (22), निवासी कुशनेर ने पुलिस को बताया कि उसकी देवरानी पिंकी चौधरी को करीब दो वर्ष पूर्व भूरा चौधरी अपने साथ ले गया था। बाद में भूरा पिंकी को उसके मायके छोड़कर फरार हो गया था। तीन महीने बाद पिंकी के पति धर्मेंद्र चौधरी और देवर संजू उसे अपने घर ले आए। कुछ समय बाद भूरा भी गांव लौट आया और भोज का आयोजन किया। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ।

बीती शाम लगभग 5 बजे जब अंजली, उसकी सास सुभद्रा और देवरानी पिंकी घर के सामने खड़े थे, तभी भूरा ने पैसे की मांग की। सास द्वारा इंकार करने पर भूरा, उसका भाई धनीराम और भांजा रज्जू गाली-गलौज करने लगे और हमला कर दिया। भूरा ने फावड़ा से पिंकी पर वार किया, जबकि धनीराम और रज्जू ने डंडों से अंजली, उसकी सास और अन्य लोगों को पीटा। बीच-बचाव करने आईं बित्ती और सगुनी को भी पीटा गया।

हमले में पांचों को हाथ-पैर, सिर व शरीर पर चोटें आईं। घायलों को शासकीय अस्पताल पनागर लाया गया, जहां से सुभद्रा बाई और पिंकी को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

पुलिस ने आरोपियों भूरा चौधरी, धनीराम और रज्जू के खिलाफ धारा 296, 115(2), 119(1), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व कांग्रेस पार्षद शाबान मंसूरी गिरफ्तार, विवादित टिप्पणी पर भेजा गया जेल

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** कांग्रेस के पूर्व पार्षद शाबान मंसूरी को फेसबुक पर विवादित टिप्पणी करने के मामले में घमापुर पुलिस ने शुक्रवार दोपहर मोतीनाला बरिया तले स्थित उनके निवास से हिरासत में लिया। बाद में कोर्ट में पेशी के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।



आरोप है कि शाबान मंसूरी ने भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर की फेसबुक पोस्ट पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए लिखा था कि तीजा के पर्व पर हिंदू महिलाएं शराब का सेवन करती हैं। इस टिप्पणी के बाद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की थी।

बुधवार शाम भाजपा नेता जीएस ठाकुर, मंगन सिद्दीकी सहित 8-10 कार्यकर्ता घमापुर थाने पहुंचे और मंसूरी के खिलाफ लिखित शिकायत दी। साथ ही फेसबुक पोस्ट का स्क्रीनशॉट भी पुलिस को सबूत के तौर पर सौंपा।

शिकायत पर पुलिस ने शाबान मंसूरी के खिलाफ बीएनएस की धारा 196, 197 और 299 के तहत प्रकरण दर्ज किया और शुक्रवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## ड्यूटी पर निकले युवक की सड़क हादसे में मौत

जबलपुर। शहर में सड़क हादसों का सिलसिला लगातार जारी है। बरेला टोल नाके के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अंकित पांडे के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक अंकित पांडे ड्यूटी के लिए घर से निकले थे। रास्ते में बरेला टोल नाके के समीप उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अंकित की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# किराना व्यापारी की दुकान से जेवर, नगदी और 30 मोबाइल चोरी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना घमापुर क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। सिद्धबाबा वार्ड निवासी 52 वर्षीय धर्मेंद्र चक्रवर्ती ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उनकी दुकान दिलीप किराना स्टोर में चोरी हो गई है।

पीड़ित ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ ससुराल मनेरी, मंडला गया हुआ था। वापस लौटकर जब उसने दुकान का ताला खोला तो देखा कि ऊपर की खिड़की तोड़कर कोई अज्ञात चोर अंदर घुसा और दुकान से नगदी व कीमती सामान चोरी कर ले गया। चोर मकान निर्माण के लिए वीसी से मिले 1 लाख रुपये नकद, सोने का कड़ा (सवा तोला वजनी) और ग्राहकों द्वारा गिरवी रखे गए 30 मोबाइल चुरा ले गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# कुख्यात बदमाश पर जानलेवा हमला करने वाले गए जेल

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मेडिकल सर्वेंट क्वार्टर में रहने वाले कुख्यात बदमाश सागर उर्फ मान्या सुर्वे पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गढ़ा थाना पुलिस ने इस मामले में अनिकेत शिवहरे, पियूष बाल्मीक, छोटू उर्फ दशरथ बाल्मीक और संदीप बाल्मीक को दबोचा है। सभी आरोपी मेडिकल सर्वेंट क्वार्टर इलाके के ही रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने कुछ दिन पहले पुरानी रंजिश के चलते चाकुओं से लैस होकर मान्या सुर्वे पर हमला किया था। घटना के बाद घायल युवक की मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और तत्परता से कार्रवाई करते हुए चारों को पकड़ लिया। गौरतलब है कि मान्या सुर्वे इलाके का कुख्यात बदमाश है, जिस पर आधा दर्जन से ज्यादा आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि हमलावरों का कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है।



स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999